**आज का मौसम**

आसमान में बादल रहेंगे। बारिश की संभावना। मौसम में उमस बढ़ेगी।

| 40.4⁰ | 29.1⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 18 | सूर्यास्त 07 :00 |

## एक नजर

### शिवशरणप्पा जीएन बने नए जिलाधिकारी



**चित्रकूट।** कानपुर के नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन को जिले का नया जिलाधिकारी बनाया गया है, जबकि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद का तबादला इसी पद पर सीतापुर के लिए किया गया है। शिव शरणप्पा जीएन 2015 बैच के आईएएस अफसर हैं। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को प्राथमिकता से लागू किया जाएगा।

# जांच में अहम रहेगी सीसीटीवी फुटेज की 'गवाही'

- राजनीतिक दलों के नेताओं ने घटना पर जताया गुस्सा
- छात्रा की मौत, परिजनों की पिटाई के आरोप का मामला

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** पुलिसिया लापरवाही और शोहदों पर कार्रवाई न होने से क्षुब्ध छात्रा की आत्महत्या और फिर मऊ थाने में कथित रूप से उसके माता-पिता के साथ मारपीट की घटना ने जिले को उद्वेलित कर दिया है। लोगों की निगाह अब इस पूरे मामले की जांच को लेकर है। इनका कहना है कि निष्पक्षता से की गई जांच पड़ताल ही पुलिस के इकबाल को कायम रखेगी। उधर, पूरे मामले में सीसीटीवी फुटेज काफी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

रविवार को मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में निषाद जाति की किशोरी ने दो शोहदों की हरकतों से तंग आकर फांसी लगाकर जान दे दी थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि इसमें कई बार तहरीर देने के बाद भी थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे क्षुब्ध होकर उनकी बेटी ने आत्महत्या की। छात्रा की मां ने यह आरोप लगाकर सनसनी फैला दी थी कि उसके और उसके पति के साथ थाने में पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। इस गंभीर मामले में अब थाना पुलिस बचाव की मुद्रा में नजर आ रही है। साथ ही मारपीट जैसी किसी भी बात से साफ इंकार कर रही है। हालांकि इस मामले में थाने और परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज, अगर पूरे मिले तो, काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने भी यह बात कही है कि मारपीट की पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज को देखा जाएगा। हालांकि यह बात दीगर है कि इस मामले में कितनी निष्पक्षता बरती जाती है। अपुष्ट सूत्र बताते हैं कि मारपीट में थाने के एक चर्चित पुलिसकर्मी के साथ एक होमगार्ड और चौकीदार भी शामिल रहा।

मृतका की मां की मानें तो उसके साथ भी किसी महिला नहीं बल्कि पुरुष कर्मचारी ने मारपीट की। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को अवकाश से लौटे सीओ मऊ जयकरन सिंह, जो इस मामले की जांच भी कर रहे हैं, ने थाने जाकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश के अनुसार जांच की जा रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पूरी निष्पक्षता से जांच की जाएगी।

### मुख्यमंत्री को भेजेंगे पत्र : हीरो मिश्रा



भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विकास उर्फ हीरो मिश्रा ने कहा कि सरकार की उम्मीदों पर खरा न उतरने वाले नौकरशाहों का डिमोशन किया जाए तभी हालात सुधरेंगे। बताया कि इस मामले की जानकारी देने को मोर्चा मुख्यमंत्री को पत्र भेजेगा। सरकार की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान पर पलीता लगाने वाले पुलिसकर्मियों को न तो सरकार बख्शेगी और न भाजपा कार्यकर्ता।

### झकझोर देने वाला मामलाः अनुज यादव



सपा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अनुज यादव ने कहा कि मृतका के मातापिता के साथ मारपीट झकझोर देने वाला मामला है। इस संबंध में राष्ट्रीय नेतृत्व को जानकारी दी गई है। जल्द ही प्रतिनिधिमंडल मामले की जांच पड़ताल करेगा। अगर दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी की जिला इकाई धरना प्रदर्शन करेगी।

### थाना पुलिस ने किया अपराधः रुद्र प्रसाद



मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुद्र प्रसाद ने कहा कि मामले में थाना पुलिस की भूमिका अपराधी की है। आखिर एफआईआर क्यों नहीं लिखी गई। एसओ के बयान गैरजिम्मेदाराना है। आखिर बिना विवेचना के कैसे वह किसी निष्कर्ष पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि पाक्सो अधिनियम के तहत एफआईआर न लिखना भी एक अपराध है।

# पुलिसिंग से लोगों को दिलाएंगे न्याय

- पहाड़ी थाने की पहली महिला एसओ हैं रीता सिंह

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)



रीता सिंह।

**अमृत विचार।** पहाड़ी थाने की पहली महिला एसओ रीता सिंह आम आदमी को न्याय दिलाने की हामी हैं। उनका कहना है कि वह चाहती हैं कि थाने में आया हर व्यक्ति पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट होकर लौटे।

रीता सिंह को पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मानिकपुर से पहाड़ी थाने की कमान सौंपी है। ब्लाइंड केस सुलझाने में सिद्धहस्त मानी जाने वाली रीता पिछले दिनों तब चर्चा में आई थीं जब उन्होंने मानिकपुर के दो व्यापारियों से हुई लूट का खुलासा किया था। मंगलवार को उन्होंने पत्रकारों को अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ कस्बे में जाम की समस्या हल करना उनकी प्राथमिकताओं में से है। वह लोगों के मन से पुलिस को लेकर गलतफहमी भी दूर करना चाहती हैं। बीते दिनों देर शाम एक व्यक्ति को पैदल जाते समय सवारी लेने की सलाह देना और आम आदमी से उसकी समस्याओं पर चर्चा करने से भी वह कस्बे में सराहना पाने लगी हैं।

उन्होंने अपील की कि अपराधमुक्त थाना क्षेत्र बनाए जाने के उद्देश्य में सभी पुलिस का सहयोग करें। पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाएगी।

# सीएंडडीएस के अधिशासी अभियंता को दी जाएगी कारण बताओ नोटिस

## बैठक से गैरहाजिरी और कामों की प्रगति से जिलाधिकारी नाराज

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में सी एंड डीएस के अधिशासी अभियंता के गैरहाजिर रहने पर नाराजगी जताई। विभाग के कामों की प्रगति पर भी उन्होंने असंतोष जताया। जिलाधिकारी ने एक्सईएन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मंगलवार को 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में यूपीपीसीएल, आवास विकास परिषद बांदा, वन विभाग, उत्तर प्रदेश सिडको, उप्र पुलिस आवास निगम, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड बांदा, राज्य सेतु निगम, सी एंड डीएस जल निगम यूनिट बांदा, यूनिट वाराणसी आदि कार्यदायी संस्थाओं के कामों की जानकारी ली। निर्देशित किया कि जो शासन द्वारा दी गई समयावधि के अनुसार काम कराएं। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को कार्य योजना देने को कहा कि बताएं कब तक काम पूरा होंगे।

उन्होंने कहा कि रामघाट व शिवरामपुर तिराहा तक पथ प्रकाश एवं जनरेटर व्यवस्था का काम पूरा हो चुका हो तो इसे नगर पालिका परिषद को हैंडओवर कराएं। उन्होंने कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित कुंड के सुंदरीकरण करने के साथ कुंड के लिए अलग से बोरिंग कराने के भी निर्देश दिए। राणन तालाब के सुंदरीकरण व प्रकाश व्यवस्था के साथ पौधरोपण के निर्देश दिए। डीएम ने कार्यदाई संस्थाओं के जिम्मेदारों को निर्देशित किया कि टेंडर कराकर कामों को जल्द से जल्द शुरू कराएं। शासन की मंशानुरूप कामों में गुणवत्ता होनी चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, सीएमएस वंदना श्रीवास्तव, सीओ राजकमल, सीवीओ सुभाष चंद्र, बीएसए लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

### पुस्तकालय के लिए छोड़ें रास्ता

डीएम ने सी एंड डीएस जल निगम के अधिकारियों को हिदायत दी कि निर्माणाधीन नगर पालिका परिषद कार्यालय से राजकीय पुस्तकालय के लिए रास्ता छोड़ें। यूपीपीसीएल के अधिकारियों को हिदायत दी कि कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर बिजली कनेक्शन कराकर गेट के लिए प्रकाश व्यवस्था कराएं।

### समय से काम न हुआ तो होंगे ब्लैक लिस्टेड

डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य व पुलिस विभाग के कामों को समय से पूरा न करने पर कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। कार्यदायी संस्था व ठेकेदार पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी।

### अधूरे काम जल्द करें पूरे

डीएम ने एक्सईएन को निर्देश दिए कि अंतर्राज्यीय सीमा पर दो लेन गेट एवं प्रकाश व्यवस्था कार्य में तेजी लाएं। मलबा हटाकर सफाई कराएं और ब्रेकर भी हटाएं। सर्किट हाउस के संबंध में बिजली व फर्नीचर का इस्टीमेट सरकार को जल्द भेजने के लिए भी निर्देश दिए। इस के अलावा राज्य सेतु निगम के जिम्मेदारों को भी जल्द से जल्द काम पूरे करने को निर्देशित किया।





गांव की सड़कों की हालत। अमृत विचार

# नाली में भरी मिट्टी, घरों के ढहने की बढ़ी आशंका

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत घुरेटनपुर के लोग इस समय परेशान हैं। उनका कहना है कि प्रधान ने नाली में मिट्टी डलवा दी है, जिससे घरों में गंदा पानी घुस रहा है। इससे घरों के ढहने की आशंका है। गांववालों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर समस्या का निदान कराने की गुहार लगाई है।

गांववालों का कहना है कि गांव में नाली में मिट्टी डलवाने से गंदे पानी के निकास की दिक्कत हो गई है। बारिश में यह समस्या और गहराने की आशंका है। पानी भरने से घरों के ढहने का खतरा है और बरसात में घरों में पानी भरने और दीवारों के कमजोर होकर गिरने की आशंका और ज्यादा हो जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में प्रधान द्वारा हठधर्मिता अपनाई जा रही है। प्रधान से कई बार कहा गया पर उसने अनसुनी कर दिया। ग्रामीणों ने गांव में देवाला मंदिर के पास से श्यामसुंदर के घर तक व हनुमान प्रसाद के घर से सोसाइटी बैंक शाखा तक की इस समस्या के निस्तारण का अनुरोध किया है। इस संबंध में प्रधान का पक्ष नहीं जाना जा सका।

### सीएम को भी भेजी प्रतिलिपि

डीएम के नाम पत्र में विमल कुमार, वृंदावन, चुन्नू, पवनसुत, मथुरा प्रसाद, हीरालाल, जगदीश, शारदा प्रसाद, श्याम सुंदर, नरेश सोनी, सुदामा प्रसाद, राकेश कुमार, जौहरी प्रसाद, राकेश कुमार, जौहरी प्रसाद, राधेश्याम सोनी, गौरी प्रसाद, सोनपाल, नत्थू बच्चा पटेल आदि के हस्ताक्षर हैं। ग्रामीणों ने पत्र की प्रतिलिपि सीएम, सदर विधायक को भी भेजी है।

## सार-संक्षेप

### समिति की मनमानी से तंग आकर दिया इस्तीफा

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत पहाड़ी बुजुर्ग के ग्राम पंचायत सदस्यों ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजकर संचालन समिति पर मनमाने ढंग से काम करने का आरोप लगाया है। रामस्वरूप, रोहित कुमार, गोकुल प्रसाद, राजकुमार, राजबहादुर आदि ने आरोप लगाया है कि गांव में सरकार ने दुबारा त्रिस्तरीय कमेटी का गठन किया है। पहले भी बिना बैठक व बिना सदस्यों की सहमति के गुणवत्ता विहीन काम किया गया और इस बार भी ऐसा ही किया जा रहा है। कमेटी के सदस्यों का कहना है कि वे लोग जो मर्जी हो करेंगे। सदस्यों ने बताया कि उपेक्षा से तंग आकर उन लोगों ने सभी समितियों से इस्तीफा दे दिया है।

### अवैध खनन में दो ट्रैक्टरों को पकड़ा

**मऊ (चित्रकूट)।** अवैध खनन व परिवहन के आरोप में दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया है। एसडीएम ने बताया कि बरियारी में यमुना नदी से बालू का खनन कर रहे दो वाहनों, जो अजितेश कुमार सिंह निवासी मनकुंवार और हरिश्चंद्र त्रिपाठी निवासी बरियारी के हैं, को हेड कांस्टेबलों की सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार मऊ ने पकड़ा। इनको प्रभारी निरीक्षक की सुपुर्दगी में दिया गया।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपने जाते अधिवक्ता। अमृत विचार

### तीन कानूनों के खिलाफ कानून मंत्री को भेजा ज्ञापन

**चित्रकूट।** आल इंडिया लायर्स यूनियन की जिला इकाई की अगुवाई में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को ज्ञापन भेजा। अधिवक्ताओं का कहना था कि प्रावधानों में परिलक्षित दंड नीति तर्कहीन है। सुधारात्मक विषयवस्तु में कमी है और दंड देने में कोई मानकीकरण नहीं है। अधिवक्ताओं ने बीएनएसएस अधिनियम में पुलिस हिरासत की अवधि 15 दिन से अधिक 90 दिन तक किए जाने के प्रावधान पर भी सवालिया निशान लगाए। मांग की कि इसे पारित कराने से पहले सरकार पुनर्विचार करे। ज्ञापन में रुद्र प्रसाद मिश्र, अमित यादव, शिवमोहन यादव, अजय सिंह, शशिभूषण पाल, विनोद पाल, वीरेंद्र यादव, चुनकू राम पाल, ननकू राम यादव,लल्लूराम त्रिपाठी आदि अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं।

### लाभार्थी को निस्तारण से मिले संतुष्टि

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान लोगों की दिक्कतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को इनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी जनसुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही हैं, उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय से सुनिश्चित कराएं। लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम अहमद उपस्थित रहे

### पिकअप पलटने से बालिका की मौत

**मऊ (चित्रकूट)।** मंगलवार सुबह थानांतर्गत सुरौंधा पुलिया के पास एनएच 35 हाईवे पर एक पिकअप पलटने से बालिका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग पांच बजे थाना सोंराव जिला प्रयागराज की ओर से एक पिकअप आ रहा था। पिकप में बांदा के गांव खटौरा, बछेही, छिलोलर, उल्लूखेड़ा के पुरुष महिला एवं बच्चों समेत 22 व्यक्ति सवार थे। वाहन बांदा जा रहा था। सुरौंधा पुलिया के पास चालक को झपकी लग गई और पिकअप अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे नाले में पलट गई। चालक वाहन को छोड़कर भाग गया। हादसे में ज्योति (12) पुत्री रज्जू रैदास निवासी खटौरा की मौत हो गई। अन्य को हल्की फुल्की चोटें आईं हैं।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरधुआ थाने के एसआई राजेंद्र प्रसाद ने पॉक्सो एक्ट में वांछित विकास पुत्र प्रह्लाद निवासी देवारी को गिरफ्तार किया। टीम में आरक्षी मुकद्दर सिंह शामिल रहे।

### ग्रामीणों से समन्वय बनाकर करें कामः जिलाधिकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माण व भूमि अधिग्रहण के संबंध में बैठक ली। गौरतलब है कि यह लिंक एक्सप्रेसवे गोंडा से बेड़ी पुलिया तक बनाया जा रहा है। यह मार्ग 13 ग्राम पंचायतों से होकर जाएगा। इसके निर्माण की जिम्मेदारी उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को दी गई है। बैठक में डीएम ने सहायक आयुक्त स्टांप रामसुंदर से सर्किल एरिया के बारे में पूछा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों से सहमति नहीं बन पा रही है, वहां ग्रामीणों से वार्तालाप करें। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम सौरभ यादव, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, सहायक अभियंता यूपीडा विवेक गुप्ता, सरोज कुमार यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### युवक का शव मिला, शिनाख्त नहीं

**चित्रकूट।** शिवरामपुर चौकी के बिहारा गांव में गैस एजेंसी के पास मंगलवार को एक युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया पर नाकाम रही।

# मानदेय दिलाने की लगाई गुहार

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायत मानपुर निवासी पंचायत सहायक अजय कुमार विश्वकर्मा ने सीडीओ को पत्र भेजकर मानदेय भुगतान कराने की गुहार की है। उसने बताया कि उसका सात माह के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। बताया कि इस संबंध में वह दो माह से सहायक विकास अधिकारी को बता रहा है पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। उसने ग्राम प्रधान पर इस संबंध में उपेक्षात्मक रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया। उसने आर्थिक हालात का हवाला देते हुए मानदेय दिलाने का अनुरोध किया है।

# अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं युवा : रामप्रकाश

- लोकतंत्र रक्षक सेनानियों ने निकाला मौन जुलूस

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी को सम्मानित करते भाजपा कार्यकर्ता।

**अमृत विचार।** आपातकाल के 50 साल होने पर मंगलवार को लोकतंत्र रक्षक सेनानियों ने मंगलवार को काला दिवस मनाया। काली पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकाला। भाजपाइयों ने उनको सम्मानित किया। लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि हमेशा युवाओं को अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

जिला मुख्यालय स्थित लोनिवि निरीक्षण गृह में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी, भागीरथी गांधी, रामपाल त्रिपाठी व ननकूराम राजपूत को सम्मानित किया। रामप्रकाश द्विवेदी ने आपातकाल की स्थितियों को याद किया। बताया कि तत्कालीन सरकार ने वर्ष 1975 में आपातकाल लगाकर विपक्षी नेताओं और संघ विचारधारा वाले लोगों का जमकर उत्पीड़न किया था। इसके अलावा पत्रकारों और सरकार के अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवाओं को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। नाबालिग बच्चों की भी नसबंदी कर दी जाती थी। चार लोग भी एक साथ खड़े होने पर मीसा लगाकर जेल भेज दिए जाते थे। युवा पीढ़ी को हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लिखा था। उन्होंने देश में आपातकाल लगाकर संविधान के साथ खिलवाड़ किया था। पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि तब कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की थी। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चंद्रप्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, आलोक पांडेय, आनंद पटेल, विपुल सिंह, बृजेश पांडेय, महेंद्र कोटार्य, रामबाबू गुप्ता, तीरथ तिवारी, अखिलेश रैकवार, प्रेमलाल वाल्मीकि, अनूप राघव, श्रद्धाशु, सच्चिदानंद गर्ग आदि मौजूद रहे।

**अनदेखी** किसानों की किसी को चिंता नहीं, कई प्रार्थना पत्र देने के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे

# खटवारा भदेवरा माइनर पर अवैध कब्जों की भरमार, हो कार्रवाई

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



यह हाल है माइनर का। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र की खटवारा भदेवरा नहर सालों से ठप पड़ी है और किसान परेशान हैं। न तो कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों और न जनप्रतिनिधियों को इसकी चिंता है। नहर की पट्टी पर अवैध कब्जा हो चुका है।

किसान बताते हैं कि खटवारा-मझगवां माइनर से किसानों सिंचाई की सुविधा मिलती थी। पर अब दबंग भूमाफियाओं ने नहर व नहर की पटरी पर अवैध कब्जा कर मकान बनवा लिए हैं। इससे माइनर का नामोनिशान मिट गया हैं। उधर, क्षेत्र के कई गांवों में किसान सिंचाई के लिए पानी की दिक्कत का सामना करने को मजबूर हैं। ओम प्रकाश मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, सुनील पांडेय, हरिनारायण पांडेय, देवेंद्र कुमार पांडेय, पंकज, जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, आशीष कुमार, धर्मपाल निषाद, बदन प्रसाद निषाद आदि किसानों ने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से दिक्कत हो रही है। कई प्रार्थना पत्र देने के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों ने जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी से मांग की कि सर्वे कराकर नहर को अस्तित्व में लाया जाए और भू माफियाओं के कब्जे से जमीन को छुड़वाया जाए।

### बिजली की भी समस्या

ग्रामीणों का कहना है कि सिंचाई विभाग की लापरवाही से नहर का अस्तित्व समाप्त हो चुका है और किसान ट्यूबवेल पर आश्रित है। इस पर बिजली की आंखमिचौली, कटौती और लो वोल्टेज भी दिक्कत का सबब बने हैं।

### सर्वे किया पर कोई नतीजा नहीं

किसानों ने बताया कि लगभग दो साल पहले सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता तथा सहायक अभियंता सर्वे कर चुके हैं। तब उन्होंने किसानों को नहर को खुदवाकर पानी देने की व्यवस्था का आश्वासन दिया था पर कुछ हुआ नहीं।

### कई गांवों को मिलता था पानी



आशीष पांडेय।



हर प्रसाद मिश्रा



लवलेश पांडेय।

आशीष पांडेय, समाजसेवी हर प्रसाद मिश्रा, लवलेश पांडेय, विभव द्विवेदी आदि रगौली निवासियों ने बताया कि माइनर को चिल्लीराकस पंप कैनाल से 1968 में जोड़ा गया था। खटवारा, नादिंन कुर्मियांन होते हुए सीधे भदेवरा गांव तक गई नहर से खटवारा, पराको, नादिन कुर्मियांन, खोहरा, अंमवा, भदेवरा, रुपौली, रगौली आदि गांव-मजरों के किसानों को फायदा मिलता था। अब तो नहर का नामोनिशान मिट गया हैं।



विभव द्विवेदी।

**कार्यालय नगर पंचायत राजापुर जनपद चित्रकूट**

पत्रांक 161/न0पं0राजापुर/2024-25 दिनांक 22/6/2024

**फीकल स्लज ऑपरेटरों के लिये आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पंचायत राजापुर जनपद चित्रकूट में उपस्थित सभी फीकल स्लज ऑपरेटरों को सूचित किया जाता है कि सीवर की सफाई के बाद निकले हुये मलबा को रानी लक्ष्मीबाई नगर राजापुर में स्थित फीकल सेण्टर पर खाली करायें। आपके द्वारा सीवर का मलबा एम.आर.एफ. में स्थित फीकल सेण्टर पर खाली कराये। आपके द्वारा सीवर का मलबा नगर पंचायत सीमान्तर्गत नाली/नाला में खाली करते पाया गया तो आपके विरुद्ध उचित कार्यवाही एवं 5000.00 रुपया का जुर्माना भी किया जायेगा। सभी फीकल स्लज ऑपरेटरों को नगर पंचायत कार्यालय में पंजिकरण कराना अनिवार्य है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत राजापुर
जनपद चित्रकूट

अध्यक्ष
नगर पंचायत राजापुर
जनपद चित्रकूट

# न्यायिक कार्य से विरत रहे वकील मायूस होकर लौट गए वादकारी

## अधिवक्ता संघ ने साक्ष्य और दंड विधान में संशोधन को वापस लेने की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- नारेबाजी-प्रदर्शन के बाद एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- कहा, अपरिपक्व लोगों ने किया कानून में परिवर्तन
- जनविरोधी कानूनों को लेकर संघर्ष का किया ऐलान

**अमृत विचार।** साक्ष्य और दंड विधान में परिवर्तन के खिलाफ अधिवक्ताओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। बांदा जिला अधिवक्ता संघ से फूटी आंदोलन की चिंगारी अब बढ़ती जा रही है। चित्रकूटधाम मंडल के सभी जिला अधिवक्ता संघों के समर्थन के बाद तहसील अधिवक्ता संघ भी मैदान में उतर आए हैं। मंगलवार को अतर्रा तहसील अधिवक्ता संघ ने न्यायिक कार्यों से विरत रहकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए संशोधन को वापस लेने की मांग बुलंद की है। अधिवक्ताओं की हड़ताल से वादकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा और उन्हें मुकदमे की अगली तारीख लेकर मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

भारतीय दंड संहिता वह दंड संहिता साथ ही दंड प्रक्रिया मे परिवर्तन के बाद आगामी एक जुलाई से तीनों कानून के प्रभावित किए जाने के विरोध में अधिवक्ता लगातार हड़ताल पर चल रहे हैं। मंगलवार को बुंदेलखंड के अधिवक्ताओं के सामूहिक आवाहन पर अधिवक्ताओं ने तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमर सिंह राठौर के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और कानून में हुए बदलाव के विरोध में नारेबाजी करते हुए एसडीएम रावेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। साथ ही न्यायिक कार्य से विरत रहकर तीनों कानून में परिवर्तन पर आक्रोश जताया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने कहा कि अपरिपक्व लोगों ने कानून को परिवर्तित किया है, वह न तो उचित है और न ही न्याय संगत है। कहा कि जनविरोधी कानूनों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। हड़ताल में अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, महासचिव राजेंद्र जाटव, वीरेंद्र पांडेय, मनोज द्विवेदी, अरविंद पांडेय, चंद्रभान त्रिपाठी, संजय श्रीवास्तव, विपिन मिश्रा, शिवमूर्ति मिश्रा, लखन मिश्रा, सूरज बाजपेई, सुशील गुप्ता, राजललन गर्ग, राजेंद्र गुप्ता, श्याम बाबू गुप्ता, राम प्रकाश यादव, नंदकिशोर कुशवाहा, महेंद्र गुप्ता, राजेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे। अधिवक्ताओं की लगातार जारी कई दिनों से हड़ताल पर वादकारी व फरियादियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



एसडीएम रावेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

### छठवें दिन जारी रहा क्रमिक अनशन

**बांदा।** तीन कानून बदले जाने के खिलाफ जिला अधिवक्ता संघ का क्रमिक अनशन लगातार छठवें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने सरकार के इस कदम को जनविरोधी करार देते हुए मिनी आपातकाल की संज्ञा दी है। मंगलवार को अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा की अगुवाई में रामप्रसाद प्रजापति, कमलेश श्रीवास्तव, रामशरण वर्मा, विमल श्रीवास्तव, अमरदीप अतरहट, अभय पाल, खालिद वाहिद न्याजी, योगेश पुरवार, राजकुमार द्विवेदी ने क्रमिक अनशन का क्रम जारी रखा। उधर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक दीक्षित, महासचिव रामप्रकाश शिवहरे के साथ सपा के राष्ट्रीय महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता विशंभर प्रसाद निषाद 28 जून को दिल्ली जाकर सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों और बार कौसिंल ऑफ इंडिया को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन को आगे बढ़ाने की पहल करेंगे। संघ के महासचिव श्री शिवहरे ने बताया कि अधिवक्ता जितेंद्र सिंह के निधन को लेकर बुधवार को शोकावकाश के कारण धरना स्थगित रहेगा। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

## बिछड़े बच्चों को पुलिस ने मां से मिलवाया

**बांदा।** आपरेशन मुस्कान के तहत अलीगंज पुलिस ने मां से बिछड़े तीन बच्चों को चंद घंटों में सकुशल बरामद कर लिया। अपने बच्चों को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी वंदना सिंह पत्नी रामचंद्र सिंह अपने तथा अपने परिवार के तीन बच्चों को लेकर जा रही थी। इस दौरान तीनों बच्चे शहर कोतवाली क्षेत्र के मयूर टाकीज के पास से अपनी मां से बिछड़ गए। वंदना सिंह ने तत्काल बच्चों के गुम होने सूचना नजदीकी अलीगंज पुलिस चैकी उप निरीक्षक राकेश द्विवेदी को दी। चैकी प्रभारी अपने हमराही हेड कांस्टेबिल पंकज कुमार के साथ बच्चों के तलाश में जुट गए। खोजबीन के दौरान बच्चे कालू कुंआ चैराहे पर मंदिर के पास से सकुशल बरामद कर लिए गए। चैकी इंचार्ज ने बच्चों को उनकी मां को सौंप दिया।

# राजकीय सम्मान के साथ की गई सीआरपीएफ एसआई की अंत्येष्टि

संवाददाता, अतर्रा

**अमृत विचार।** ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से सीआरपीएफ एसआई की मौत हो गई। विभागीय वाहन से उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया गया। पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका यहां अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के तमाम लोगों ने जवान को अंतिम श्रद्धांजलि दी।



चिंतामणि पांडेय।

तहसील क्षेत्र के तेरा 'ब' गांव के मजरा पांडेय पुरवा निवासी चिंतामणि पांडेय सीआरपीएफ में एसआई पद पर जबलपुर में तैनात थे। करीब 15 दिन पहले स्थानांतरण होने पर घर में आकर परिजनों से मिलने के बाद नई तैनाती स्थल शिवपुरी पहुंच गए। रविवार की देर रात को ड्यूटी के दौरान सीने में अचानक दर्द होने पर अन्य जवानों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार की तड़के जवान के दिवंगत होने की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने घर जाकर परिजनों को सूचना दी। देर शाम शिवपुरी से उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव वाहन से लाया गया। मंगलवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया। महुटा चैकी व अतर्रा थाना के उप निरीक्षक अरविंद पाल समेत तमाम लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। दिवंगत जवान के बड़े पुत्र पवन कुमार ने मुखाग्नि दी।



शहीद के परिजनों को तिरंगा भेंट करते सीआरपीएफ अधिकारी।

# फरार हत्यारोपी पर 10 हजार का इनाम

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- तीन साल पहले संपत्ति विवाद में हुई थी दो महिलाओं की हत्या

**अमृत विचार।** संपत्ति के लालच में दो महिलाओं की हत्या के मामले में फरार हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। एसपी ने मोबाइल नंबर जारी कर अभियुक्त की लोकेशन की सूचना देने को कहा है।

18 जून 2022 को गिरवां थाना अंतर्गत महुआ निवासी कालीचरण ने दी तहरीर में बताया था कि अतर्रा थाना के लुधौरा गांव निवासी उसके जीजा रामनरेश त्रिपाठी व महुआ गांव निवासी चाचा संतोष उर्फ चुनवादिया ने संपत्ति की लालच में उसकी मां उर्मिला देवी व नानी मालती देवी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसगंत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। हत्याकांड के कुछ दिनों बाद पुलिस ने एक आरोपी रामनरेश त्रिपाठी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि दूसरा अभियुक्त संतोष उर्फ चुनवदिया पुत्र रामसजीवन फरार चल रहा है। फरार हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। एसपी ने कहा है कि फरार अभियुक्त की सूचना देने वाले व्यक्ति को इनाम दिया जायेगा।

## युवती ने की खुदकुशी

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सतन्याव गांव निवासी पूजा (19) का सोमवार की दोपहर किसी बात को लेकर पति कृष्णकुमार से विवाद हो गया था। पूजा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इस पति ने छत से छलांग लगा दी थी। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने पूजा को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घरवालों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई।

# अर्श अब इंडोनेशिया में दिखाएगा अपना जौहर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- 28 जून से 7 जुलाई तक आयोजित होगी एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप
- चैंपियनशिप में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे मोहम्मद अर्श

**अमृत विचार।** पिछले कई वर्षों से बैडमिंटन के खेल में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना जौहर दिखाने वाले और बांदा का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी अर्श मोहम्मद एक बार फिर इंडोनेशिया के योगोकाटी में 28 जून से आगामी 7 जुलाई तक आयोजित होने वाली एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिला बैडमिंटन संघ के संयुक्त सचिव एवं कोच मोहम्मद अनवर अली ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए पूरे देश से कुल 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश से चयनित होने वाले अर्श मोहम्मद एक मात्र खिलाड़ी हैं। इन सभी खिलाड़ियों के लिए नेशनल एवीलेंस सेंटर अमीन गांव गुवाहाटी में एक विशेष खेल शिविर आयोजित किया गया, जहां श्रेष्ठ प्रशिक्षकों के पर्यवेक्षण में चुने गए खिलाड़ियों को 10 से 24 जून के बीच विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि अर्श मोहम्मद अपने पार्टनर संस्कार सारस्वत के साथ एशिया जूनियर चैंपियनशिप के युगल वर्ग में प्रतिभाग कर देश के लिए मैडल दिलाने के लिए अपने खेल जौहर का प्रदर्शन करेंगे। मोहम्मद अर्श स्पेन, थाइलैंड में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी खेल क्षमता को प्रदर्शित कर चुके हैं। इंडोनेशिया की प्रतियोगिता के लिए चुने जाने पर बैंडमिंटन एसोसिएशन के सचिव काजी जमीर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीरजध्वज सिंह, पूर्व सचिव हार्पर क्लब रामेंद्र शर्मा समेत अनेक खिलाड़ियों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है।



## पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाला

**अतर्रा।** पत्नी को दहेज की खातिर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पत्नी ने छः लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

विसंडा थाना क्षेत्र के कोर्रही निवासी शबा खातून ने बताया कि उसकी शादी 5 वर्ष पहले अनीस बछौंधा विसंडा के साथ हुई थी। निकाह के वक्त मां ने दान दहेज दिया था। ससुराल पहुंचने पर उसे पति अनीस, जेठ नफीस, देवर अकील, शकील, सास शायरा खातून, ससुर रहमान ने दहेज कम मिलने का ताना मारा। मां से और पैसे लेकर आने का दबाव बनाने लगे और सभी ने मिलकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसके उपरांत पति ने तीन बार तलाक कहकर घर से निकाल दिया है।

# ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** ग्रामीणों ने विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाने की मांग लेकर कलक्ट्रेट में विरोध-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बस्ती के लिए विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती में लगे इक्का-दुक्का पोल से बिजली आपूर्ति की जा रही है। पूरी बस्ती में विद्युत कनेक्शन करने पर विभाग ने हाथ खड़े कर दिए हैं।

शहर के बबेरू रोड स्थित लोधेश्वर नगर आरडब्लूई के पीछे नई बस्ती (फूटा कुआं) के तमाम लोग मंगलवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि पल्हरी नहर के पास मात्र एक या दो पोल ही लगे हैं। मोहल्ले के अधिकतर विद्युत कनेक्शन जुड़े होने के कारण पावर लोड बहुत ज्यादा है। कम फेस की आपूर्ति होती है। कई बार शार्टसर्किट की वजह से आग भी लग चुकी है।

बारिश में लोहे के लगे पोलों में अक्सर करंट भी आ जाता है। जिससे आम जनमानस के साथ अनहोनी होनी की आशंका बनी रहती है। लगभग पंद्रह से बीस मकान नये बने हैं। जिनमे विद्युत कनेक्शन की अति आवश्यकता है। लेकिन खंभे से अधिक दूरी होने के कारण विद्युत विभाग ने कनेक्शन करने से साफ इनकार कर दिया है। भीषण गर्मी में विद्युत के साथ पानी और बच्चों की शिक्षा जैसी हर तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने डीएम से बस्ती के लिए विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की। इस मौके पर पूजा साहू, तृप्ति सिंह, राजू, दिलीप साहू , सती, माया कुशवाहा, ज्ञानेंद्र कुमार, जितेंद्र बाबू साहू, नितिन सोनी, प्रकाश वर्मा, राजेश, उमा, सुमन कुशवाहा, ज्योति सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

## शौचालय निर्माण को कोतवाली की जमीन पर खोद डाले गड्ढे

**नरैनी।** नगर पंचायत के ठेकेदार द्वारा सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के लिए कोतवाली की जमीन पर पिलर के गड्ढे खोद दिए जाने पर प्रभारी निरीक्षक ने निर्माण कार्य बन्द कराए जाने के साथ-साथ जेसीबी मशीन चालक और मजदूरों को कोतवाली में बैठा लिया है।

कस्बा के बांदा मार्ग पर नगर पंचायत द्वारा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया रहा है। सोमवार की शाम लगभग 4 बजे नगर पंचायत के ठेकेदार यहां सड़क की पटरी में मशीन से पिलर के गड्ढे बनवा रहा था। यहां सडक के बाद कोतवाली की जमीन के बीच नगर पंचायत का नाला बना है। ठेकेदार द्वारा नाला पार कर गड्ढे बनाने की सूचना कोतवाली प्रभारी को मिली तो मौके पर पहुंच गए। मशीन चालक और मजदूरों को कड़ी फटकार लगाते हुए काम बन्द करा दिया और कोतवाली ले आए।

# लोकतंत्र सेनानियों को भेंट किए अंगवस्त्र

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- गोष्ठी में इमरजेंसी को काला दिवस के रूप में मनाया गया

**अमृत विचार।** इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार द्वारा 25 जून 1975 की काली रात में भारतीय लोकतंत्र के सबसे दुखद हत्या के रूप में लगाए गए आपातकाल को भाजपा ने कार्यालय में आयोजित गोष्ठी के माध्यम से काला दिवस के रूप में मनाया और जिले के लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया गया।

कनवारा गांव स्थित जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आयोजित गोष्ठी में महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से शुभारंभ हुआ। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि तानाशाही से सत्ता चलाना और अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जाना, यही कांग्रेस और गांधी परिवार का मूल एजेंडा है। 25 जून, 1975 यह वह दिन है जब कांग्रेस के आपातकाल लागू करने के निर्णय ने डा. अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को रौंदने की कोशिश की। जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या और उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि भारत के संसदीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय ठीक 50 वर्ष पहले आज ही के दिन देर रात को घटित हुआ था।

पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने रात के अंधेरे में भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने की कोशिश की। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी, मोरारजी देसाई, जयप्रकाश नारायण, लालकृष्ण आडवाणी और सभी विपक्षी दलों के नेताओं को जेल में बंद करके लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की। गोष्ठी में मौजूद लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शिवेंद्र सिंह शिवा, डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, अखिलेश नाथ दीक्षित, मनोज पुरवार, डा.रागिनी शिवहरे रहे।




गोष्ठी को संबोधित करते भाजपा के जिला प्रभारी रामकिशोर साहू।

मंथन — मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में आयुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# प्राथमिकता के आधार पर करें उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- भूरागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था व सड़क की मरम्मत कराएं
- निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए

**अमृत विचार।** मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में आयुक्त ने उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण समय से कराने के निर्देश दिए। साथ ही निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। भूरागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत व सड़क मरम्मत शीघ्र पूरा कराने को कहा। कार्यालय सभागार में मंगलवार को आयुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी ने मंडल भर के उद्यमियों के साथ बैठक की।

आयुक्त ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में पानी की समस्या के निराकरण की समीक्षा करते हुए क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा को मुख्यालय से भूरागढ़ में पेयजल के लिए तैयार किये गये प्रस्ताव 1.61 करोड़ रुपए स्वीकृति के लिए कार्यवाही करने और औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में सड़क निर्माण की गुणवत्ता खराब होने पर पुनरू मरम्मत कराये जाने तथा सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने प्लाट आवंटन के लिए रिक्त भूखंडों के संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए। आयुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में विद्युत सम्बन्धी मामलों को शीघ्र निस्तारण किये जाने के लिए मुख्य अभियंता विद्युत को उद्यमियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किए जाने तथा उद्यमियों के विद्युत कनेक्शन शीघ्र किये जाने एवं विद्युत ट्रिपिंग की समस्या का निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने भूरागढ़ में खराब सोलर लाइटों को ठीक कराये जाने तथा सुरक्षा के लिए नियमित पिकेट गश्त करने व नजर रखने एवं औद्योगिक क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट को विकसित किये जाने तथा भूरागढ़ रोड के किनारे एकत्र ईटों को हटवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण औद्योगिक आस्थान उच्चीकरण के कार्य कराये जाने के साथ मुख्य मार्ग से गेट व सौन्दर्गीकरण के लिए उद्योग निदेशालय से शीघ्र बजट आवंटन की कार्यवाही कराये जाने के निर्देश संयुक्त आयुक्त उद्योग को दिये।

उन्होंने ग्लोबल इनवेस्टर्स समिटि में एमएसएमई के अन्तर्गत जीबीसी के लिए तैयार इकाइयों की जानकारी प्राप्त करते हुए शासन की प्राथमिकता के अनुसार इन इकाइयों को धरातल पर स्थापित कराये जाने के लिए उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण कर उद्योगों को मण्डल के जनपदों में स्थापित कराये जाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में संयुक्त निदेशक उद्योग ने उद्यमियों के लिए संचालित योजना के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उद्यमियों से रजिस्ट्रेशन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि पूर्ण करने के निर्देश बैंको के लीड बैंक मैनेजर को दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, अपर जिलाधिकारी हमीरपुर विजय शंकर तिवारी, संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार, अनिल कुमार सहायक आयुक्त जीएसटी, मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता विद्युत के अलावा उद्यमी डा.मनोज कुमार शिवहरे, अशोक कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, संतोष गुप्ता, मनोज जैन समेत मंडल स्तरी. अधिकारी उपस्थित रहे।



उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बाइको की आमने सामने भिडंत हो जाने से दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जसपुरा थाना क्षेत्र सोनामऊ निवासी भानू सिंह (45) पुत्र शिवशंकर सोमवार की रात अपने पड़ोसी मूलचंद्र (45) पुत्र कल्लू शंखवार के साथ बाइक में बैठ कर कानाखेड़ा गेंहू पिसाने जा रहे थे। इसी बीच गलौली निवासी सुनील (30) पुत्र सुखनंदन और रामू (25) पुत्र शिवलाल निवासी गजपुरा बाइक में जसपुरा से वापस आ रहे थे। रास्ते में दोनो की बाइकें आमने सामने टकरा गईं। इसमें भानू सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने मामले की जानकारी एंबुलेस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेस ने सभी को उठाकर सीएचसी जसपुरा में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो रामू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने रामू को मृत घोषित कर दिया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से किसान की मौत

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के मूंगुस गांव निवासी ननकू सिंह (49) पुत्र देवशरन सिंह किसानी करता था। सोमवार की रात वह खुद के ट्रैक्टर से खेत जोत कर घर आया। ट्रैक्टर घर के भीतर खड़ा कर रहा था। तभी वह ट्रैक्टर से नीचे आ गिरा और पहिया की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पड़ोसी ने बताया कि उसके पास पांच बीघा जमीन है।

# सम्मान निधि लेने गए किसान का शव मिला

## दो दिन पूर्व घर से बैंक जाने को निकले थे, पुलिस जांच में जुटी

कार्यालय संवाददाता, महोबा



तालाब किनारे लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घर से गायब किसान का शव तालाब में उतराता मिला। पुलिस ने नागरिकों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त होने पर पता चला कि वह दो दिन पहले घर से किसान सम्मान निधि लेने बैंक गया। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

कस्बा चरखारी के फतेहपुर निवासी करन सिंह (48) दो दिन पहले लापता थे। मंगलवार को कस्बा जैतपुर के जयसागर तालाब में एक शव उतराता दिखा। नागरिकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक घंटे की मशक्कत के बाद नागरिकों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद शव की शिनाख्त करन सिंह के रुप में हुई। शिनाख्त के बाद मृतक के बेटे ने बताया कि दो दिन पहले पिता किसान सम्मान निधि का पैसा लेने के लिए बैंक जाने की बात कहकर घर से निकले थे। शाम तक न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। आस-पड़ोस से कोई सुराग न लगने पर परिजनों ने रिश्तेदारी और दोस्तों के यहां जानकारी की, लेकिन किसी ने घर न आने की बात कही। रिश्तेदार और मित्र भी जानकारी मिलने पर करन सिंह की तलाश में जुट गए, लेकिन उन्हें भी कोई सफलता नहीं मिली। मृतक के घर में शाम को परिवार के लोगों ने भोजन तक नहीं बनाया। फिर जयसागर तालाब में शव बरामद होने की जानकारी पर परिजन वहां गए तो देखा शव करन सिंह का था।

# शाम को हुई बारिश से मौसम खुशगवार हुआ

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पक्षी बिहार, मदन सागर व कीरत सागर गए लोग
- सड़कों और बाजारों में खासी चहलपहल बढ़ गई

**अमृत विचार।** एक माह से गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को मंगलवार की शाम हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश और हल्के बाद होने से मौसम खुशगवार हो गया। गर्मी, धूप और उमस से घरों में दुबके लोग शाम को मौसम का नजारा देखकर निकल पडे, जिसके चलते सड़कों और बाजार में खासी चहल पहल बढ़ गई लोगों के घरों से निकलने के कारण बाजार में दुकानदारों की भी अच्छी खासी बिक्री हुई।

मालूम हो कि इस गर्मी ने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं, एक माह से अधिक समय तक लगातार 45 से 47 डिग्री तापमान के बीच जिले के लोगों को जूझना पड़ा। तपते पहाड़ों और आसमान से बरस रही आग ने यहां के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। इतना ही नहीं तमाम लोग लू और गर्मी की चपेट में आकर परलोक सिधार गए, इसके बाद भी गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है, जिससे जनजीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त होकर रह गया है, लेकिन मंगलवार की शाम पांच बजे अचानक हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया। मौसम का मिजाज बदलते ही शाम को तमाम लोग पार्कों और तालाबों के किनारे निकल पड़े लोगों ने कीरत सागर तट पर पहुंचकर ठंडी हवाओं का आनंद लिया।

इतना ही नहीं बाजार और चौराहो व सड़कों पर लोगों के निकलने से लस्सी, कोल्डड्रिंक, मिठाई व अन्य वस्तुओं की भी खूब बिक्री हुई। तमाम लोग अपने परिवार के साथ मौसम को देखते हुए विजय सागर पक्षी बिहार, कल्याण सागर, मदन सागर, शिवतांडव पार्क पहुंचकर मौसम का आनंद लिया। पार्क में लोगों ने हल्का फुलका खानपान भी किया।

# 30 फीसदी कार्डधारकों को राशन नहीं

संवाददाता, जैतपुर-महोबा



राशन न मिलने से मायूस खड़ीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गरीबों को मुफ्त में मिलने वाली राशन सामग्री पाना अब आसान नहीं है। कारण, हर माह नेकवर्क की समस्या के चलते कार्डधारक खाद्यान्न पाने के लिए कामकाज छोड़कर कई कई दिन तक राशन की दुकानों के चक्कर काटते हैं, इसके बाद भी तमाम राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न सामग्री नहीं मिल पाती है, जिसके चलते कार्डधारकों में आक्रोश पनप रहा है। कार्डधारकों का कहना है कि प्रति यूनिट पांच किग्रा खाद्यान्न पाने के लिए कई-कई दिन तक मजदूरी छोड़नी पड़ती है। तब जाकर राशन सामग्री मिलती है।

मालूम हो कि जिले में जबसे ईपास मसीन शुरू हुई तबसे राशन सामग्री के लिए राशनकार्ड धारकों को आएदिन राशन दुकानों के चक्कर काटने पड़ते है, कभी सर्वर न आने कभी ई-पॉश मशीन न चलने तो कभी अंगूठा न लगने से कार्डधारक खासा परेशान हैं। इतना ही नहीं राशन पाने के लिए महिला चूल्हा चौका छोड़कर राशन पाने के लिए कोटे पर बैठ जाते है।

- ई-पॉश मशीन अक्सर काम न करने से खाद्यान्न वितरण में आई समस्या

गौरतलब है कि इस माह में 11 जून से राशन वितरण का कार्य शुरू हुआ था। राशन वितरण की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई है, लेकिन इस माह में सर्वर फेल होने की सबसे ज्यादा समस्या बनी हुई है, जिसके चलते विकासखंड जैतपरु में 25 से 30 फीसदी राशन कार्डधारकों को सर्वर की समस्या के चलते खाद्यान्न उपलब्ध नहीं हो सका है, इससे कार्ड धारकों में खासा आक्रोश है। कोटेदारों ने बताया कि शासन से तिथि बढ़ने के बाद ही खाद्यान्न सामग्री वितरित की जाएगी। उधर इस माह तमाम राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न न मिलने से उनमे खासा गुस्सा है। नंबर आते आते सर्वर फेल हो जाते हैं, जिससे राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न नहीं मिल पाता है और अगले दिन फिर उन्हें राशन के लिए भटकना पड़ता है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति विकासखंड जैतपुर की है। यहां के राशन दुकानदार सर्वर न आने से परेशान रहते हैं। वहीं कार्डधारक भी दिन भर राशन पाने के लिए दुकानों के चक्कर काटते रहते हैं।

# दुष्प्रभाव बताकर नशे से दूर रहने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया जा रहा नशामुक्ति अभियान

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 26 जून तक चलने वाले नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के अतर्गत पुलिस ने संबन्धित थाना क्षेत्रों में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। नशे के दुष्प्रभाव व दूर रहने के बारे में लोगों को जागरूक किया।

नशा मुक्त भारत पखवाड़ाएवं नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत मंगलवार को नशे के विरुद्ध एक विशेष जागरुकता अभियान के मद्देनजर चौपाल, जागरुकता रैली का आयोजन कर लोगों को जागरुक करने के लिए नुक्कड़ नाटक भी किया गया और नशा मुक्ति के लिए उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई गई। नुक्कड़ नाटक देखकर लोगों में काफी जागरुकता भी दिखाई दी। समाज में निरंतर फैल रहे नशे की लत का लेकर चिंता जाहिर की गई साथ ही उन्हें जागरुक कर बताया गया कि युवा पीढ़ी नशे को लेकर खासी प्रभावित है। नशे से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को सामनेआना होगा। समाज को नशे के दुष्पणिमों का सामना करना पड़ेगा। समाज के हर वर्ग से नशे को मिटाने के लिए सहयोग की अपील की गई।

# हनुमान मंदिर में भक्तों की भीड़, पूजा-अर्चना

संवाददाता, खन्ना-महोबा



मंदिर में जुटी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

- मंदिर में सुबह से ही पहुंच गए भक्त, लड्डू का भोग लगाकर वितरित किया

**अमृत विचार।** प्राचीन सिद्ध पीठ मनौरा धाम बाल हनुमान मंदिर में आषाढ़ मास के प्रथम मंगलवार को भक्तों की भारी भीड़ जुटी। कस्बा खन्ना के साथ ग्राम चिचारा, भरभौली, बन्नीपुरा, मवई, ग्योढ़ी सहित तमाम एक दर्जन गांव के लोगों की भीड़ ट्रैक्टरों व अन्य वाहनों से हनुमान मंदिर पहुंचे। भक्तों ने प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके बाद कई क्विंटल लड्डू चढ़ाए गए। मंदिर में उमड़ी भीड़ को प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए घंटों इधर से उधर भक्त भटकते रहे।

हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो गई, तेज धूप के बाद भी भक्तों का मंदिर में आने का सिलसिला जारी रहा। पुरुषों के अलावा महिलऔ ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मंदिर में संकीर्तन कार्यक्रम शुरू हुआ जो एक घंटे से ज्यादा समय तक चलता रहा। कीर्तन सुनने के लिए भक्त भी तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच बैठे रहे। ढोलक की थाप पर कीर्तन व नृत्व कर रहीं बालिकाओं कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान मौजूद भक्तों ने संकीर्तन का आनंद लिया। हनुमान मंदिर में सात दिवसीय राजराजेश्वरी पीतम्बरा माई का अनुष्ठान 26 जून से मनौरा धाम प्रांगण में प्रारम्भ किया जाएगा। इस मौके पर पंडित रजत महाराज शास्त्री ने बताया कि माई का अनुष्ठान छह दिन तक चलेगा। सातवें दिन भंडारा होगा।

# ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में काटा हंगामा

कार्यालय संवाददाता उरई

- सिमिरिया मौरंग घाट से जुड़ा है मामला

**अमृत विचार।** डकोर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सिमिरिया निवासी रामप्रकाश के नेतृत्व में भानूप्रताप सिंह, छोटे खां, अंगद, गोरेलाल, मलखान, अखराज, मोतीलाल, जयचंद्र, शिवनंदन, जगदीश पांचाल, कालीदीन, जगमोहन, धर्मेंद्र सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में मौरंग माफियाओं के विरोध में हंगामा काटते हुए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम सिमिरिया निवासी रामप्रकाश पुत्र स्व. देवीदीन ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए बताया कि उसका पुत्र विनय वर्तमान में ग्राम प्रधान है तथा उसके गांव में मौरंग घाट संचालित है तथा क्षेत्र में मौरंग के चलते अक्सर विवाद होता रहता है। पीड़ित ने बताया कि उसका पुत्र विनय कुईया रोड बृज के पास उरई में निवास करता है उसका मौरंग के घाटों के संचालन से कोई लेना देना नहीं है । पीड़ित का कहना है कि प्रधानी की रंजिश के चलते पार्टी बंदी में उसको व उसके आदमियों को झूठे व गलत फंसाने के प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रामीणों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देते हुए उक्त कारणों के आधार पर उचित कार्यवाई करने की मांग उठाई है।

# लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, महोबा



गोष्ठी में शिरकत करने आए भाजपाई। अमृत विचार

- भाजपा ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ पर काला दिवस मनाते हुए आपातकाल की विभीषिका पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के उपरांत सभी लोकतंत्र सेनानियों को परिवार सहित माला पहनाया गया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उसके बाद पार्टी कार्यालय से मौन जुलूस निकाला गया।

गोष्ठी में लोकतंत्र सेनानी संगठन के अध्यक्ष परमानंद ने उस समय सरकार द्वारा की गई प्रताड़ना के विषय में जानकारी दी ,लोकतंत्र सेनानी हरीश जी ने बताया कि उस समय रातों-रात लोगों को जेल में बंद कर दिया गया, बताया कि जो सरकार के विरुद्ध बोलता था उनके साथ बड़ीसख्ती करके जेल में बंद कर दिया जाता था। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी संजीव श्रृंगऋषि रहे।

जिला प्रभारी ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा बिना किसी वजह से केवल सत्ता में बने रहने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने बिना कैबिनेट की जानकारी के आपातकाल घोषित कर दिया था। आपातकाल में सरकार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले विपक्षी पार्टी के सभी नेताओं को जेल में बंद कर दिया जाता था, उस समय विपक्षी दलों का कांग्रेस ने जीना मुश्किल कर दिया था। गोष्ठी में विधान परिषद सदस्य जीतेंद्र सिंह सेंगर ,हमीरपुर कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी , नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, गोष्टी के संयोजक जिला उपाध्यक्ष रविंद्र मेहंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता ने की।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**बांदा।** शहर के अलीगंज निवासी अनिल (26) पुत्र मल्लू राजपूत सोमवार की शाम घर में था। तभी पड़ोसी युवक बाइक में बैठा कर घूमने के लिए लिवा ले गया। देर रात जब वह घर नही लौटा तो परिजनो ने उसकी खोजबीन किया। पता चला कि अनिल किलेदार पुरवा के पास लहूलुहान हालत मे पड़ा है। मौके पर पहुंचे घरवालो ने उसे उठाकर जिला अस्पताल मे भर्ती कराया ।जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई रवि राजपूत ने बताया कि अनिल मजदूरी करता था। पड़ोसी युवक दूसरे युवक की बाइक लेकर घर आया और उसे लिवा ले गया। किलेदार पुरवा के पास पार्टी हुई। आरोप लगाया कि पार्टी के दौरान विवाद होने पर अनिल की मारपीट कर हत्या कर दी। शव और बाइक मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गए। मृतक दो भाइयों में बड़ा था।

# बैंक कर्मियों के देर से आने से ग्राहक परेशान

संवाददाता, जैतपुर-महोबा



बैंक में लेनदेन के लिए खड़े ग्राहक। अमृत विचार

- लेनदेन करने के लिए ग्राहकों को करना पड़ता है इंतजार

**अमृत विचार।** कस्बा जैतपुर में स्थित एक बैंक में अव्यवस्थाओं के चलते ग्राहकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों के समय से बैंक न पहुंचने के कारण खाताधारकों को लेनदेन करने के लिए इंतजार करना पडता हैं। निर्धारित समय से काफी देर बाद भी बैंक कर्मचारियों के यहां न आने के कई उपभोक्ता बिना लेनदेन किए लौट जाते हैं, जिससे ग्राहकों में बैंक की व्यवस्था के प्रति रोष व्याप्त है।

बैंक शाखा के अधिकांश कर्मचारी बाहर से आने के कारण समय से बैंक नहीं पहुंच पाते है, जबकि जरुरत पड़ने पर समय से ग्राहक बैंक में लेनदेने करने के लिए पहुंच जाते हैं। उन्हें कर्मचारियों का काफी देर तक परेशान करना पडता है, जिससे कई उपभोक्ता बिना लेनदेन किए लौट जाते हैं। छोटे छोटे कार्यों को निपटाने के लिए ग्राहकों को एक घंटे तक कर्मचारियों के आने का इंतजार करना पडता है, जिससे उनका समय बर्बाद होता है। इंडियन बैंक से कस्बा जैतपुर के अलावा आसपास के ग्रामीण के लोग भी जुड़े हुए है। लोग गांव से सुबह दस बजे तक बैंक पहुंच जाते हैं, लेकिन उनका ग्यारह बजे तक काम न होने के बाद कस्टमर वापस लौट जाता है।

> स्टाफ का स्थानांतरण होने के कारण कर्मचारियों की कमी के कारण कस्टमर को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नया स्टाफ आने के बाद समस्या से निजात मिल जाएगी।
>
> **राजेश वर्मा, शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक**

मंगलवार को कस्बा सहित आसपास के गांव के दर्जनों ग्रामीण इसी बैंक में पैसा निकालने व जमा करने के लिए आए थे। दूर दराज क्षेत्रों से आए ग्रामीण की पैसे की निकासी नही हो सकी। खाताधारकों ने बताया कि आएदिन बैंक कर्मचारियों के समय से न आने के कारण ग्राहकों को लेनेदने के लिए एक एक घंटे तक बैंक कर्मचारियों के आने का इंतजार करना पड़ता है, जिसके चलते लेनदेन देरी से होने से ग्राहकों को दोपहर में एक से दो बजे के बीच अपने गांव वापस जाने में गर्मी के चलते भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

### सिंगल कैश काउंटर होने से पेंशनर भी लगाते लाइन

कैश काउंडर में कैशियर के समय से न बैठने पर उसके आने तक भारी भीड़ जमा हो जाती है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को भी कैश काउंटर से पैसा लेनदेन करने के लिए लाइन पर लगना पड़ता है, जिससे सीनियर सिटिजन और पेंशनरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। कई सीनियर सिटिजन को लाइन में ही बैठ जाते हैं। आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार सीनियर सिटिजन और पेंशनरों के लिए अलग काउंटर खोले जाने का प्रावधान है, लेकिन यहां पर मात्र एक कैश काउंटर है।

**कलेक्ट्रेट में बैठक** | जिलाधिकारी ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर दिए निर्देश

# महिलाओं व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर हों गंभीर

कार्यालय संवाददाता, महोबा



समीक्षा करते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों व अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की। डीएम ने महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृतों की बरामदगी जल्द करने के निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने अवैध शराब व जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लिया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, उपजिलाधिकारी महोबा जितेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित जनपदीय पुलिस के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, अभियोजन के अधिकारी तथा समस्त शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तमंचा के साथ एक को दबोचा गया

**महोबा।** मंगलवार को कुलपहाड़ थाने के उपनिरीक्षक दिनेश सिंह ने एक अभियुक्त को बागौल तिराहा पनवाड़ी रोड पर बने यात्री प्रतीक्षालय से तमंचा के साथ गिरफ्तार किया।

विभिन्न धाराओं अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में आरक्षी इन्द्रपाल चौहान व राजेश सिंह आदि शामिल रहे।

### डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बाइक, युवक घायल

**राठ(हमीरपुर)।** पनवाड़ी मार्ग पर नौहाई गेट के पास बसेला गांव निवासी सुगन अपने गांव से बाइक से राठ आ रहा था। रास्ते में नौहाई गेट के पास अचानक बाइक डिवाइडर से जा टकराई। जिससे सुगन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# एसी चलने के बाद भी बिल आ रहा कम

संवाददाता, कुलपहाड़-महोबा



मीटर रीडरों को निर्देश देते एसडीओ। अमृत विचार

- मीटर रीडरों की बैठक में ईमानदारी से रीडिंग लिए जाने के एसडीओ ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** क्षेत्र में तमाम विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में एसी लगे होने के बाद भी बिलिंग कम होने पर बिजली विभाग के सहायक अभियंता ने नाराजगी जताई। उन्होंने मीटरों पर कम बिलिंग को चिन्हित कर रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराने के मीटर रीडरों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इसमे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसमे बिजली उपभोक्ताओं के शतप्रतिशत सही बिल लेकर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

विद्युत विभाग कुलपहाड़ के एसडीओ आशुतोष वर्मा मंगलवार को विद्युत कार्यालय कुलपहाड़ में मीटर रीडरों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मीटर रीडर ईमानदारी से उपभोक्ताओं के शत प्रतिशत सही रीडिंग का बिल निकालकर उपलब्ध कराएं। जिन उपभोक्ताओं के यहां एसी संचालित हैं और मीटर बिलिंग कम आ रही है ऐसे उपभोक्ताओं के नाम सहित रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कटिया डालकर बिजली चोरी करने वालों की भी सूचना बनाकर उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एनयू बिलिंग बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास के साथ खराब मीटर की सूचना उपलब्ध कराने को कहा। इस अवसर पर मौजूद करीब दो दर्जन मीटर रीडरों से नियमानुसार कार्य करने पर जोर दिया। अन्यथा की स्थिति में गड़बड़ी पाए जाने पर मीटर रीडरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में प्रदीप पारासर, शाहजाद अहमद, अतुल ब्यास, प्रदीप राजपूत आदि रहे।

## एक नजर

### मस्जिद से दो मशीन चोरी पुलिस जांच में जुटी

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में रेलवे स्टेशन रागौल की मस्जिद से दो लाउडस्पीकर बजाने की मशीन चोरी होने के मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज निवासी हाफिज रफीक ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह रेलवे स्टेशन रागौल की मस्जिद के मुतवल्ली हैं। बीते 23 जून की रात चोरों ने मस्जिद में लगी लाउडस्पीकर बजाने की दो मशीन चोरी कर ली। इस मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### महिला के साथ गालीगलौज जान से मारने की धमकी

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के रिगवारा गांव में ईंटों के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के चलते दबंगों ने एक महिला के साथ गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्तूरी पत्नी अरविंद ने बताया कि वह अपने घर के दरवाजे के पास खड़ी हुई थी। तभी गांव का दिनेश पुत्र जयपाल अहिरवार व उसकी पुत्री मीरा, बबली और पत्नी कुसुमरानी उसके पास आकर ईंटों के बंटवारे को लेकर उससे विवाद कर गाली देने लगे। जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपियों ने उसे मारते पीटते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### बिवांर पुलिस ने दो दिन में किया चोरी का खुलासा

**मौदहा( हमीरपुर)।** बीते दो दिन पहले हुई गेहूं और सरसों सहित अन्य जिन्सों की चोरी के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम मसगवां निवासी दीपू और विनय कुमार ने बीते दो दिन पहले चोरी की घटना को अंजाम देते हुए गेहूं, सरसों आदि की चोरी की थी। जिस पर बिवांर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### आवास के नाम पर छह हजार रुपये ठगे

**हमीरपुर।** आवास दिलाने के नाम पर एक युवक से गांव के युवक ने हजारों रुपयों की ठगी की है। युवक ने तहरीर दी है। बिवांर के नई बस्ती के जय हिंद ने थाना में तहरीर देते हुए बताया कि गांव का सरवर पुत्र मैयादीन प्रधान के पास रहकर कार्य करता था। जिसने प्रधानमंत्री आवास दिलाने का आश्वासन देते हुए 3 अप्रैल 2022 को 6000 रुपये लिए थे। 3 महीना में कॉलोनी के दिलाए जाने का वादा किया था। कॉलोनी न मिलने पर रुपयों के वापस कर देने की बात कही। लेकिन उसे आवास नहीं मिला। जब युवक से अपने रुपये वापस मांगे तो टाल देता है। उसे ठगी का शिकार होने का एहसास होने पर प्रधान को जानकारी दी है। प्रधान ने उसको थाना में उसके खिलाफ शिकायत किए जाने की सलाह दी है। युवक ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की तहरीर मिली है। जांच कर ठगी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 115 राजकीय नलकूपों का जल्द ही होगा रिबोर

## स्वीकृति के साथ ही इसी माह धनराशि मिलने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- 5750 हेक्टेयर जमीन की होगी अतिरिक्त सिंचाई
- बजट मिलते ही शुरू हो जाएगा रिबोर का काम

**672** राजकीय नलकूप हैं जिले भर में

**28.75** करोड़ रुपये से होगा रिबोर

शासन स्तर से 115 राजकीय नलकूपों का रिबोर कराए जाने की स्वीकृति मिल गई है। इसी माह धनराशि अवमुक्त होने की उम्मीद है। बजट मिलते ही इनका निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

–अनिल कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता नलकूप

**अमृत विचार।** जिले में वर्षों से 115 राजकीय नलकूप री-बोर की बाट जोह रहे हैं। जिनका रिबोर कराए जाने के लिए विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजा था। जिसकी स्वीकृति शासन स्तर से मिल गई है। विभाग का दावा है कि जल्द ही इन नलकूपों के लिए बजट मिलने वाला है। शासन से बजट मिलते ही रिबोर का काम शुरू कराया जाएगा। जिससे 5750 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अतिरिक्त सिंचाई किसान कर सकेंगे।

जिले में कुल 672 राजकीय नलकूप हैं। इनमें वर्षों से 115 नलकूप रिबोर के इंतजार में ठप हैं। सात नलकूप तकनीकी व नौ नलकूप बिजली के अभाव में बंद पड़े हैं। वहीं 52 नलकूप जलस्तर नीचे जाने से ठप हैं। इन नलकूपों के कमांड की जमीनों की सिंचाई नहीं हो पाती है। किसानों को 300 रुपये प्रति बीघा की दर से निजी नलकूपों से पानी लेकर खेतों की सिंचाई करने को मजबूर होना पड़ता है। विभाग ने शासन को 115 नलकूपों के रिबोर कराए जाने के लिए कार्ययोजना बनाकर भेजा था। शासन ने निर्माण की स्वीकृति दे दी है।

शासन स्तर से धनराशि मिलते ही इन नलकूपों का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। सबसे अधिक 45 नलकूपों का रिबोर सुमेरपुर क्षेत्र में होना हैं। वहीं, मौदहा में 18, कुरारा 36, सरीला 12, गोहांड तीन व मुस्करा में एक नलकूप का रिबोर कराया जाना है। विभाग की माने तो एक नलकूप के रिबोर कराने में करीब 25 लाख का खर्च आता है। नए नलकूप के निर्माण में करीब 35 लाख की लागत आती है। 115 नलकूपों के रिबोर में करीब 28 करोड़ 75 लाख की लागत आएगी।

पहले डेढ़ क्यूसेक क्षमता के नलकूप लगाए जाते थे। जिससे करीब 75 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई होती थी। अब एक क्यूसेक क्षमता के नलकूप लगाए जा रहे हैं। जिससे इनमें करीब 50 हेक्टेयर जमीन ही सिंचित होगी। 115 नलकूपों का रिबोर होने से करीब 5750 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई हो सकेगी।

## रिजेक्ट आवेदन पत्र दुरुस्त कर ऋण वितरित करें

**हमीरपुर।** नगर पालिका परिषद में पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत आवेदन करने वाले लाभार्थियों को शत-प्रतिशत ऋण वितरण कराने के लिए अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई।

बैठक में अधिशासी अधिकारी ने कहा कि विभिन्न बैंक शाखाओं में योजनान्तर्गत 83 लाभार्थियों का प्रथम किस्त 10,000 रुपये, 279 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त में 20,000 रुपये से संबंधित ऑनलाइन आवेदन पत्र आए हैं। वहीं 62 लाभार्थियों को तृतीय किस्त 50,000 रुपये से संबंधित प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों को पालिका को बिना किसी ठोस कारण के रिजेक्ट कर वापस किए गए हैं। जिस पर सभी बैंक शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया है कि जिन वेंडरों का आवेदन गलत शाखा में चला गया था उसको पुनः पालिका स्तर सही करते हुए संबंधित बैंक शाखा में जहां पर लाभार्थी को प्रथम ऋण पूर्व में प्राप्त हुआ है उसी शाखा में आवेदन भेजा है। ऐसी दशा में तत्काल अपने-अपने पोर्टल पर रिजेक्ट किए गए आवेदन पत्र पिकप कर ऋण वितरण से संबंधित कार्यवाही अमल में लाएं।

# वीरांगना दुर्गावती का मनाया बलिदान दिवस

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



मंगलवार को वीरांगना दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण करते सपा के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी और सपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वीरांगना दुर्गावती के बलिदान दिवस पर सोमवार को डॉ.कमलेश लोधी के आवास पर उन्हें याद किया गया। सपाइयों ने उन्हें चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

सपा जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि उनका जन्म 5 अक्टूबर 1524 को चंदेल वंश में राजा कीर्ति सिंह चंदेल के घर हुआ था। गोंडवाना की रानी दुर्गावती का नाम भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित है। उनका जन्म उप्र में एक चंदेल परिवार में हुआ था। 1542 में उन्होंने गोंडवाना साम्राज्य के राजा संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह से शादी की। 1550 में अपने पति की मृत्यु के बाद रानी दुर्गावती गोंडवाना की गद्दी पर बैठीं और एक कुशल शासक के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

रानी दुर्गावती के पति दलपत शाह का मध्य प्रदेश के गोंडवाना क्षेत्र में रहने वाले गोंड वंशजों के चार राज्यों गढ़मंडला, देवगढ़, चंदा और खेरला में से गढ़मंडला पर अधिकार था। शादी के चार वर्षों के बाद पति राजा दलपत शाह के निधन के बाद उन्होंने इस राज्य का शासन संभाला, लेकिन फिर इस राज्य पर मुगलों की कुदृष्टि पड़ी। रानी ने कई लड़ाइयां वीरता के साथ लड़ी और उन्हें खदेड़ा लेकिन फिर मुगलों की शक्ति के सामने हार निश्चित दिखी। इस पर उन्होंने घुटने टेकने के बजाय अपना चाकू निकाला और 24 जून 1564 को युद्ध के मैदान में खुद को मार डाला।

डा.कमलेश लोधी ने कहा कि अकबर की सेना ने रानी दुर्गावती पर तीन बार आक्रमण किया, लेकिन रानी ने तीनों बार उन्हें पराजित कर दिया। एक महिला शासक से इतनी बार हारने के बाद असफ खां गुस्से से भर गया और 1564 में उसने एक बार फिर रानी के राज्य पर आक्रमण कर दिया। मुगलों के आगे सिर नहीं झुकाने वाली महान योद्धा और गोंड शासक चंदेलों की बेटी थी, गोंडवाना की रानी थी, चंडी थी, रणचंडी थी, वह दुर्गावती भवानी थी। धर्म एवं राज्य की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान देने वाली अदम्य साहस और शौर्य की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी दुर्गावती का हम बलिदान दिवस मना रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मप्र सरकार ने 1983 में जबलपुर विश्वविद्यालय को 'रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय' का नाम दिया। उनका नाम संग्रहालयों, डाक टिकटों और एक रेलवे से भी जुड़ा है। इस मौके पर पूर्व प्रधान महिपाल सिंह लोधी, राम सहोदर अकौना, नृपत सिंह किल्हौवा, अमर सिंह धमना, प्रदीप आर्या, रामऔतार श्रीवास, राहुल विश्वकर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# डीजे कोर्ट से दो बंदियों को मिल गई जमानत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- अलग-अलग मामलों में जिला जेल में निरुद्ध हैं दोनों बंदी



आनंद कुमार सक्सेना।

**अमृत विचार।** राठ थाना क्षेत्र के नंदना व सैदपुर गांव में पारिवारिक हत्याओं को लेकर जिला कारागार में निरुद्ध दो बंदियों की जमानत के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गीतांजलि गर्ग के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ ने पैरवी की, जिस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने दोनों की जमानत को स्वीकृत दी है।

नंदना निवासी देव सिंह उर्फ कल्लू लोधी पर दादा के लड़के एलेंद्र लोधी ने आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अभियुक्त ने उसके पिता परमेश्वरी दयाल पर 24 अक्टूबर 2020 की रात करीब 10 बजे उस समय पत्थर से हमला कर दिया, जब वह पिता को खाना देकर घर आ रहा था। इससे उनकी जान चली गई। पुलिस ने देव सिंह उर्फ कल्लू लोधी के विरुद्ध आरोप पत्र प्रस्तुत किया था। जमानत प्रार्थना पत्र ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गीतांजलि गर्ग के निर्देशानुसार लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ आनंद कुमार सक्सेना व डिप्टी चीफ लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल हरिनाम सिंह और असिस्टेंट लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल फिरोज आलम व सत्यम ने ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के समक्ष बहस की, जिस पर उसकी जमानत स्वीकार हो गई।

उधर, सैदपुर के जगभान ने तहरीर दी थी कि उसकी मां हिरिया ने पिता कालीचरण के खाना मांगने पर थोड़ी देर बाद देने को कहा तो पिता ने मां पर हंसिया से प्रहार कर मार डाला। उसे भी मारने को दौड़ा, लेकिन वह भाग गया। इस पर उसकी जमानत मंजूर कर दी गई।

## झूलते तार दुरुस्त कराने की मांग

**सरीला(हमीरपुर)।** क्षेत्र के धगवां गांव निवासी किसान ने विद्युत उपखण्ड अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए खेतों में झूलते हाईटेंशन लाइन के तारों को दुरुस्त कराये जाने की मांग की है।

मंगलवार को धगवां गांव निवासी महेश कुमार ने विद्युत उप खण्ड अधिकारी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि खेत से हाईटेंशन लाइन के तार बहुत नजदीक झूल रहे हैं। खेत में जुताई के समय ट्रैक्टर की छतरी से विद्युत लाइन के तार टकराते हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। किसान का आरोप है कि जेई को कई बार अवगत कराया, लेकिन आश्वासन के अलावा अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। यह हाईटेंशन लाइन नलकूप संख्या 58 से निजी नलकूपों के लिए निकली हुई है। आगे बताया कि एक बार खेत में लाइन गिर गई थी तो पूरे खेत की पराली जलकर खाक हो गई थी। पीड़ित किसान ने हाईटेंशन लाइन के तार सही कराने की मांग की है। एसडीओ ललित कुमार बाजपेयी ने बताया कि अवर अभियंता को लाइन दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# पूर्व सैनिकों का तहसील में प्रदर्शन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



धरना के दौरान पूर्व सैनिकों ने वार्ता करते कोतवाल उमेश कुमार सिंह।

- पुलिस की ओर से एक पक्षीय कार्रवाई से नाराज हैं पूर्व सैनिक
- लेखपाल और रिटायर्ड फौजी के बीच मारपीट का मामला

**अमृत विचार।** तहसील परिसर में लेखपालों और रिटायर्ड फौजी के बीच हुई मारपीट मामले में अब नया मोड़ आ गया है। पुलिस की एकतरफा कार्रवाई व लेखपालों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के विरोध में मंगलवार को सैकड़ों पूर्व सैनिकों ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ पूर्व सैनिकों ने नारेबाजी की।

20 जून को तहसील परिसर में लेखपालों और एक रिटायर्ड फौजी के बीच भ्रष्टाचार को लेकर जमकर मारपीट हुई थी। रिटायर्ड फौजी ने लेखपाल पर दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। वहीं लेखपाल ने रिटायर्ड फौजी पर अनुचित दबाव डालने व मारपीट का आरोप लगाया था। दोनों पक्षों ने कोतवाली पहुंचकर एक दूसरे के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने प्रशासन के उच्चाधिकारियों के दबाव के चलते लेखपाल शिवपाल की तहरीर पर रिटायर्ड फौजी शिवमंगल के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया था और पूर्व सैनिक की रिपोर्ट नहीं लिखी थी। पुलिस की एकतरफा कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को सैकड़ों पूर्व सैनिकों ने तहसील पहुंच कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान भ्रष्टाचार के विरुद्ध और न्याय मिलने को लेकर जमकर नारेबाजी की। पूर्व सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि पुलिस ने लेखपालों के समर्थन में काम किया है। उन लोगों की अवहेलना की है। उन्होंने बताया कि जब तक रिटायर्ड फौजी से शिवमंगल सिंह के विरुद्ध लिखे गए मुकदमे को निरस्त नहीं कर दिया जाता एवं भ्रष्टाचार करने वाले लेखपाल को बर्खास्त नहीं कर दिया जाता तब तक उनका धरना प्रदर्शन अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा। इस दौरान कोतवाल उमेश कुमार ने पहुंच कर पूर्व सैनिकों को समझाते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त करने की बात कही। इस पर पूर्व सैनिक परिषद के अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद, कार्यवाहक अध्यक्ष जानकी प्रसाद, सदानंद खरे ने कहा कि जब तक उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी जाती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## बीईओ दफ्तर में काटे गए हरे पेड़

**मौदहा (हमीरपुर)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में काटे गए पेड़ों का मामला अभी लोग भूले भी नहीं थे कि कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी में भी पेड़ काटने का मामला सामने आ गया है। हालांकि खंड शिक्षा अधिकारी ने आंधी से पेड़ गिरने की बात कही है।

सरकार प्रतिवर्ष जून माह में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सभी विभागों और ग्राम समाज की जमीन पर वृक्षारोपण करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करती है। जिसमें अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मात्र फोटो शूट के लिए ही उपस्थिति होती है और वृक्षारोपण के बाद सारे वृक्ष देखरेख के अभाव में सूख जाते हैं। यहां पेड़ काटे जा रहे हैं। कुछ समय पहले सीएमओ कार्यालय के प्रांगण में लगे पेड़ों को काटकर तिरंगा पेंट किया गया था। अब बीआरसी से भी हरा पेड़ काटने की जानकारी मिल रही है। पेड़ काटने के बाद सड़क भी बना दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी राम गोपाल वर्मा ने बताया कि पेड़ आंधी से गिर गया था जिसे काटकर हटाया गया है, जबकि पिछले दो दिनों से क्षेत्र में आंधी नहीं आई है।

# नौकरी के नाम पर युवक से ठग लिया एक लाख रुपये

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** तहसील के दांदौ गांव निवासी एक युवक ने लखनऊ में एक कंपनी में सुपरवाइजर की नौकरी लगवाने के नाम पर कदौरा निवासी युवक ने लगभग एक लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। थाना जलालपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर पीड़ित ने न्याय की मांग की है

क्षेत्र के दांदौ ग्राम निवासी अनिल कुमार पुत्र वीरपाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित विभिन्न उच्च अधिकारियों व जलालपुर थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम कदौरा थाना जलालपुर के रहने वाले अंकेश पुत्र मदन ने लखनऊ में एक कंपनी में सुपरवाइजर की नौकरी लगवाने के नाम पर पीड़ित से कई बार में ऑनलाइन माध्यम से लगभग 75 हजार रुपये व लगभग 25 हजार रुपये नगद लिए। उसके बाद लखनऊ ले जाकर लगभग एक माह कार्य कराया परंतु कोई भुगतान नहीं दिया। जब पीड़ित को अपने साथ फर्जी नौकरी में ठगी होने की बात समझ में आई। तब उसने लखनऊ से गांव जाकर जलालपुर पुलिस से ठगी की शिकायत की है।

# दो गांवों में अधेड़ व महिला ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)



भैंसापाली गांव में गुमसुम बैठीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में एक अधेड़ व्यक्ति व एक विवाहिता महिला ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के भैंसापाली गांव में मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 7 बजे कृष्णा (54) पुत्र करिया ने अपने कमरे में पंखे के कुंडे से साड़ी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखा तो फंदे पर लटक रहा था। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे 6 पुत्र छोड़ गया है। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक शराब का आदी था।

वहीं थाना क्षेत्र करियापुर गांव में परिजनों से नाराज विवाहित महिला गीता (27) पत्नी शिवदत्त ने मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे पंखे वाली सरिया में रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। वहीं पड़ोस से खेलकर 6 वर्षीय पुत्री जब घर में आई तो देखा की मां फंदे पर झूल रही है। पुत्री ने खेतों में काम कर रहे पिता को सूचना दे घर लेकर पहुंची। परिजनों ने घटना की सूचना बेरी चौकी इंचार्ज को दी। मौके पर पहुंचे बेरी चौकी इंचार्ज ने शव को नीचे उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



अरतरा गांव में ग्रामीणों से बात करते एसडीएम राजेश चंद्रा। अमृत विचार

# अरतरा गांव पहुंचे एसडीएम को ग्रामीणों ने सुनाया दुखड़ा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- एसडीएम ने नमामि गंगे के जेई को तत्काल समस्या समाधान के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** गंभीर हो रही पेयजल समस्या को लेकर जिलाधिकारी संजीदा हैं। उनके निर्देश पर उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी गांवों की पेयजल समस्या जानने मौके पर पहुंच रहे हैं। पेयजल ग्रस्त अरतरा गांव पहुंचे एसडीएम को ग्रामीणों ने घेर लिया। इस पर साथ गए नमामि गंगे के जेई को तत्काल समस्या का समाधान करने के निर्देश एसडीएम ने दिए।

अरतरा गांव बड़ी आबादी वाला है। ग्रामीणों ने तहसील में समाधान दिवस पर मंडलायुक्त को शिकायत दर्ज कराई थी। उपजिलाधिकारी राजेशचंद्रा जैसी ही पेयजल की जानकारी लेने पहुंचे। तभी प्रधान महेश्वरीदीन ने बताया कि नमामि गंगे से मात्र 20 फीसदी ही कार्य अभी तक हो सका है। इंद्रपाल व राजा भैया यादव आदि ने बताया कि दलित बस्तियों सहित मध्य गांव में तो नलों का पानी देखने को नहीं मिल रहा। रास्ते जरूर खुदे पड़े हैं। जिसमें उन्हें आवागमन में असुविधा उठानी पड़ रही है। साथ गए नमामि गंगे के अवर अभियंता से एसडीएम ने तत्काल पानी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

वहीं भैंसमरी गांव में प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह के साथ एसडीएम ने घर-घर पानी का स्थलीय निरीक्षण किया। बताया कि यहां पानी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में लोगों को मिल रहा है। रीवन की महिला प्रधान शिवकांती व शिव प्रकाश ने एक ज्ञापन देकर अवगत कराया कि पाइप लाइन डाले जाने से उखड़े मांगों को दुरुस्त कराया जाए। बताया अभी तक 15 से अधिक शिकायत की जा चुकी हैं। यदि उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं होती तो वह अनशन को मजबूर होंगी। वह पंचायत की तरफ से जिला प्रशासन को नोटिस जारी करेंगी।

## धर्म-अध्यात्म

### मानव समाज को जीना सिखाती रामचरित मानस, पातालेश्वर मंदिर में नौ दिवसीय रामकथा की शुरुआत

# दूसरे का सुख छीनकर कोई नहीं रह सकता सुखी : दंडी स्वामी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



प्रवचन करते दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्राचीन पातालेश्वर मंदिर में रामकथा का रसपान कराने चित्रकूट से आए दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि रामचरित मानस ऐसा पवित्र ग्रंथ है, जिससे चरित्र संवरता है। चरित्र संवरने से प्रभु श्रीराम की कृपा मिलती है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र ग्रंथ हम सभी को जीना भी सिखाता है।

दंडी स्वामी नौ दिवसीय रामकथा के पहले दिन श्रीराम कथा का रसपान करा रहे थे। उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना की थी, उस समय वहां के विद्वान लोग उन्हें साधारण समझ रहे थे। रामचरित मानस में ग्रंथ को काशी विश्वनाथ के मंदिर में रखा गया था। पूरी रात तुलसीदास और विद्वान लोग भजन पूजन करते रहे। सुबह उठने पर देखा कि ग्रंथ में सत्यम, शिवम, सुन्दरम लिखा था और उसी के नीचे सही का निशान था। बस यहीं से रामचरित मानस को मान्यता मिली।

उन्होंने कहा कि रामचरित्र मानस ग्रंथ को शिव जी ने ही मान्यता दी थी। इसलिए तुलसीदास आदिकवि कहलाए और शिवजी को अनादि कवि माना गया है। स्वामी जी ने कहा कि चार घाटों में कर्म घाट, ज्ञान घाट व उपासना घाट, लेकिन तुलसीदास ने ये तीन घाटों का स्नान कर शरणागति पाई थी। कहा कि कर्म, ज्ञान और उपासना से ही प्रभु की शरणागति मिल जाती है। ईश्वर तो सिर्फ प्रेम और भाव के वशीभूत में होते हैं। उनकी कृपा नाम जपने से मिल जाती है। कहा किसी का सुख छीनकर कोई सुखी नहीं रह सकता है और किसी का दुख छीनकर कभी मनुष्य दुखी भी नहीं रह सकता है। इसलिए सभी को खुशियां बांटने पर निश्चित ही ईश्वर जीवन प्रसन्नता भर देगा।

इससे पहले यज्ञाचार्य घनश्याम पांडेय, ज्योतिषाचार्य रामबहादुर तिवारी, उमाकांत, लक्ष्मीकांत, इष्ट देव शुक्ला, नरेन्द्र, गोपाल अवस्थी, अम्बुज अवस्थी, मोहन पांडेय, राजन शुक्ला, भूपेन्द्र शुक्ला, अर्पित त्रिपाठी, नितिन पांडेय आदि आचार्यों ने महायज्ञ के लिए वेद मंत्र के साथ मंडप प्रवेश का अनुष्ठान कराया। श्री शक्ति शिवात्मक महायज्ञ का भी शुभारंभ होते ही आचार्यों ने मंडप प्रवेश का अनुष्ठान कराया। जिसमें राकेश पांडेय व हरनारायण बाजपेयी, रेनू मिश्रा, पंकज मिश्रा समेत छह लोग यजमान के रूप में मौजूद रहे। भाजपा महिला मोर्चा की नीलम बाजपेयी हरनारायण बाजपेयी ने रामकथा के मुख्य यजमान के रूप में श्रवण किया।

पंडाल में सभासद प्रतिनिधि बउआ ठाकुर, रामदत्त पाठक, देवीचरण मिश्रा एड, उज्ज्वल पाठक, रमेश बाजपेयी, मूलचन्द्र नामदेव समेत बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## एक नजर

### मकान के बीम, पिलर ढहाने की शिकायत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड संख्या दो निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर निजी भूमि में निर्माणाधीन मकान की बीम पिलर परिवारजनों द्वारा ढहा दिए जाने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। सुग्रीव साहू ने थानाध्यक्ष राकेश कुमार को दिए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि वह अपने खेत में मकान बना रहा था जिसके बीम पिलर को परिवार के अशोक कुमार, बबलू, नरेंद्र आदि ने मिलकर ढहा दिए हैं। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### रोजगार मेला कल लगेगा

**उरई।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय उरई के द्वारा दिनांक 27 जून 2024 को कार्यालय के परिसर में प्रात: 11:00 बजे से एक रोजगार मेला व कॅरियर कॉउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में चैकमेट सिक्योरिटी प्रा0लि0 इत्यादि कम्पनियों द्वारा चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा सहित जिला सेवायोजन कार्यालय उरई के परिसर में 27 जून को करियर कॉउंसलिंग एवं रोजगार मेला में आने वाली कम्पनियों में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो यह रोजगार मेला पूर्णत: नि:शुल्क है।

### युवती की संदिग्ध हालात में मौत

**महोबा।** कोतवाली चरखारी के ग्राम बैहारी में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि वह काफी दिनों से बीमार चल रही थी, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्राम बैहारी निवासी सुवेंद सिंह सेंगर की 20 वर्षीय पुत्री शीलू का झांसी में इलाज चल रहा था लेकिन उसे आराम नहीं मिल रहा था। हालांकि पुलिस ने संदेह की स्थिति में युवती का पोस्टमार्टम कराने के लिए शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया।

### परिषदीय विद्यालय खुले

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** शासन के निर्देश पर मंगलवार को परिषदीय विद्यालयों को खोलकर शिक्षकों ने साफ सफाई का कार्य शुरू कराया। 28 जून से छात्र छात्राओं को स्कूलों में बुलाया जाएगा। शासन के निर्देश पर विकासखंड क्षेत्र में संचालित सभी पर परिषदीय विद्यालयों को मंगलवार को खोलकर साफ सफाई कार्य कराया गया।

### जुआ खेलने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चौकी प्रभारी गौरव तिवारी ने जुआ खेलने के आरोप में पट्टू उर्फ घनश्याम, राकेश निषाद, भगवानदीन निवासीगण चकमाली अमानपुर व सोनू निवासी बड़ागांव थाना बबेरू (बांदा) हाल पता कपसेठी और अजीत कुमार यादव निवासी भभई को गिरफ्तार किया। मालफड़ से 3520 रुपये व जामा तलाशी से 300 रुपये बरामद किए गए। आरोपियों पर जुआ अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

### बिजली चोरी करा रहे विद्युतकर्मी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** उच्चाधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर बिदोखर सब स्टेशन में तैनात कर्मचारी अंडरग्राउंड केबल के जरिए आधा दर्जन लोगों को चोरी-छिपे विद्युत सप्लाई दे रहे हैं। यह खेल वर्षों से निरंतर चल रहा है। इसकी भनक यहां तैनात होने वाले अवर अभियंता को भी नहीं है। यह कार्य इतनी खूबसूरती के साथ किया जा रहा है कि केबल किसी को नजर नहीं आती है। यहां के कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विद्युत कर्मियों का यह खेल वर्षों से चल रहा है। अवर अभियंता महेश चंद्र तिवारी ने बताया कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है।

# दबाव में हुए तबादलों के खिलाफ खोला मोर्चा

## राज्यमंत्री के दबाव में किए गए थे चार अभियंताओं के तबादले

कार्यालय संवाददाता,बांदा


ध्यानाकर्षण कार्यक्रम में नारेबाजी करते जूनियर इंजीनियर। अमृत विचार

- जेई संगठन ने छेड़ा आंदोलन, किया प्रदर्शन जमकर की नारेबाजी

**अमृत विचार।** बिजली अफसरों और राज्यमंत्री का विवाद आपसी सुलह समझौते के बाद भले ही निपट गया हो, लेकिन अब अवर अभियंता संगठन ने दबाव में किए गए तबादलों के खिलाफ मोर्चा खोलकर एक बार फिर से मामले को हवा देने का काम किया है। अभियंता संगठन का कहना है कि जनप्रतिनिधियों के दबाव में किए गए चार अवर अभियंताओं के स्थानानंतरण उन्हें कतई स्वीकार नहीं हैं। जूनियर इंजीनियर संगठन ने तबादले निरस्त करने की मांग को लेकर मुख्य अभियंता कार्यालय में ध्यानाकर्षण कार्यक्रम चलाया और तबादले निरस्त न होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया है।

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के तत्वावधान में मंगलवार को मुख्य अभियंता कार्यालय के बाहर ध्यानाकर्षण कार्यक्रम चलाया गया। संगठन के अध्यक्ष इं.कांता प्रसाद ने बताया है कि 19 जून की रात जनप्रतिनिधियों के दबाव में आकर मुख्य अभियंता ने चार अवर अभियंताओं के नियम विरुद्ध व अनैतिक स्थानांतरण कर दिए, जिसे लेकर अवर अभियंता संगठन में आक्रोश व्याप्त हो गया है। कहा है कि दबाव में किए गए अनैतिक तबादले उन्हें स्वीकार नहीं हैं और इन्हें तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। अन्यथा की स्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए ध्यानाकर्षण कार्यक्रम जारी रखा जाएगा। उधर संगठन के सचिव ख्वाजुद्दीन ने 21 जून को मुख्य अभियंता को पत्र सौंपकर स्थानांतरण रद्द करने की मांग की थी। उन्होंने राज्यमंत्री के सहयोगियों द्वारा बिजली अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मारपीट का हवाला देते हुए कहा है कि दबाव में आकर मुख्य अभियंता ने रात में ही चार अवर अभियंताओं रविकांत अनुरागी, विवेक सिंह, रजनेश कुमार और विजय कौशल पांडेय के तबादले कर दिए थे। हालांकि मुख्य अभियंता आरिफ अहमद ने चारों अवर अभियंताओं के तबादलों को लेकर आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक तबादले निरस्त नहीं किए गए। वार्ता विफल होने के बाद जूनियर इंजीनियर संगठन ने आंदोलन की राह पकड़ ली है। इस मौके पर संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष आशीष सिंह, मो.सिद्दीक अहमद, कांता प्रसाद, ख्वाजुद्दीन, राजेश श्रीवास, अनुदेश कटियार, रविकांत जायसवाल, रविशंकर गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, दीप सिंह, साविंद्र पटेल समेत तमाम जूनियर इंजीनियर मौजूद रहे। उधर मुख्य अभियंता आरिफ अहमद ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक को पत्र भेजकर जूनियर इंजीनियर संगठन की समस्या से अवगत करा दिया है और मामले को अग्रिम कार्रवाई किए जाने के संबंध में मार्गदर्शन मांगा है।

# जुलाई भर चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक लेते सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माह जुलाई में चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला ने बैठक ली। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम जनपद में एक से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान द्वितीय चरण तथा 10 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाना है।

यूनीसेफ के बीएमसी सरफराज खान ने पिछले अप्रैल माह में हुए कार्यो की जानकारी दी। बैठक में सीडीओ ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

कहा जहां भी जलभराव होता है। वहां दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। जिससे लार्वा उत्पन्न होने को बाधित किया जा सके तथा साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। घरों की छतों पर पानी का जमाव न होने पाए तथा कूड़े-कचड़े को भी इधर-उधर न फेंका जाए।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीएमओ गीतम सिंह, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी, एसडीएम (सदर) पवन प्रकाश पाठक, एसडीएम (मौदहा) राजेश चन्द्र, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, डीपीआरओ जितेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नशे में युवक ने फांसी लगाई

**सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या नौ में एक युवक ने शराब के नशे में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। भाई ने फंदे से उतारकर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जिसकी हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया है। पीएचसी के चिकित्सक डा.विंदेश कुमार ने बताया कि कस्बे के इमिलिया थोक के वार्ड संख्या नौ निवासी सरफराज (32) पुत्र इदरीश खान ने शराब के नशे में धुत होकर फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। भाई को फंदे में झूलता देखकर छोटे भाई सिकंदर ने उसे फंदे से उतरा और इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सक डा. विन्देश कुमार ने उसे सदर अस्पताल रेफर किया है।

# आपातकाल दिवस को भाजपा ने काला दिवस के रूप में मनाया

कार्यालय संवाददाता उरई


लोकतंत्र सेनानी को किया गया सम्मानित।

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने आज लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया और आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला प्रभारी अशोक जाटव रहे साथ में जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कार्यक्रम की अगुवाई की।

इसके साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शहीद भगत सिंह चौराहे से लेकर आंबेडकर चौराहे तक मौन जुलूस निकाल कर आज 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि 25 जून 1975 में कांग्रेस की तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने आपात काल की घोषणा की थी और आपात काल के 19 महीनों में देश की जनता और विपक्षी दलों के नेताओ ने जो यातना झेली थी उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा जनसंघ के तत्कालीन नेताओ को जेलो में ठूंस कर बड़ी यातनाएं दी गई थीं।

देश उस काले कानून को कभी भूल नही पायेगा। यहां पर मुख्य रूप से घनश्याम अनुरागी, शियाशरण व्यास, अवध शर्मा, नरेंद्र जादौन, संजीव उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष रामानुग्रह राजावत, देवेंद्र यादव, दिलीप दुबे, रविंद्र प्रता, अग्निवेश चतुर्वेदी, रेखा वर्मा, रामलखन, अमित निरंजन, शक्ति गहाई, आकाश गहाई, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमिय त्रिपाठी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ओजश शर्मा को किया सम्मानित

**उरई।** भारतीयम एजुकेशन सेंटर द्वारा प्रतिभा छात्र सम्मान समारोह का आयोजन एक गेस्ट हाउस में किया गया, जिसमे ओजस शर्मा को सैनिक स्कूल में चयन होने पर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने विद्यालय का मान बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल में मेहनत व परिश्रम से सफलता हासिल करने वाले मेधावी छात्र ओजस के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सचिव जिला क्रिकेट एसोसिएशन मनीष शर्मा विशिष्ट अतिथि तथा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र विक्रम सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की मेहनत व लगन व विद्यालय के स्टाफ के परिश्रम से बच्चों ने यह मुकाम हासिल किया है।

# राजकीय भंडार में बीज ही नहीं

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


राजकीय बीज भंडार में तिल व मूंगफली का बीज लेने आए किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खरीफ के सीजन की बुवाई का अंतिम समय 15 जुलाई तक होता है। प्री मानसून की बारिश होने के बाद किसान खरीफ की फसलों की बुवाई की तैयारी में जुटा है। मानसून की बारिश शुरू होते ही बुवाई में तेजी आ जाएगी लेकिन राजकीय बीज भंडार से खरीफ की फसलों का बीज गायब है।

मंगलवार को बीज लेने आए किसान राजेश कुमार कुंडौरा, रमाशंकर बांक, आलोक कुमार कलौलीजार, अमोल सिंह, रामसागर जलाला, रणविजय सिंह, यशवंत सिंह, जयकरन लखेरा, केके शर्मा विदोखर पुरई ने बताया कि वह ज्वार, तिल, मूंगफली का बीज लेने आए थे। लेकिन बीज भंडार में बीज नहीं है। बीज गोदाम प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि मौजूदा समय में काला उड़द, मूंग, धान का पंत 24 बीज उपलब्ध है। यह सभी बीज 50 प्रतिशत अनुदान में किसानों को दिया जा रहा है। किसानों ने बताया कि राजकीय बीज भंडार में ज्वार, बाजरा, हरा उड़द, तिल अरहर, सांवा, कोदौं, काकुन, सनई, मक्का, ढेंचा, रागी, सोयाबीन, मूंगफली का बीज नहीं है जबकि यह सभी खरीफ की प्रमुख फसलें हैं। किसानों ने बताया कि यह फसलें खरीफ में 15 जुलाई के पूर्व बो जानी चाहिए तभी किसानों को लाभ होगा। बीज गोदाम प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि सभी बीजों की डिमांड लगी है जल्द ही बीज उपलब्ध होगा।

### पेयजल किल्लत से जूझ रहा गांव

**मौदहा।** पानी की किल्लत से सायर और ऊपरी गांव जूझ रहा है। वहीं प्रधान और सचिव के नाम पर फर्जी तरीके से हस्ताक्षर कर पेयजल संतृप्ति का प्रमाण पत्र जारी किया गया है। पिछले 8 अप्रैल को गांव में कुछ लोगों के साथ इससे संबंधित एक वीडियो भी बनाया गया है जिसमें सभी को पेयजल योजना का पानी उपलब्ध होने का हाथ उठवाकर जयकारे लगवाए गए हैं। सायर प्रधान प्रदीप विश्वकर्मा ने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। उन्होंने ऐसे फर्जी प्रमाण पत्र व फर्जी वीडियो बनाने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। प्रधान ने दावा किया है कि उसने व उसके सचिव गिरीश कुमार ने ऐसा कोई प्रमाण पत्र नमामि गंगे के अधिकारियों व जलनिगम को नहीं दिया है। कहा फर्जी प्रमाण के माध्यम से नमामि गंगे योजना का पूरा काम दिखाने के लिए यह सब किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### दबंग ने पशु चिकित्सक पर तमंचा ताना

**नरैनी।** गांव में पशुओं का उपचार करने गए पशु चिकित्सक के ऊपर दबंग ने तमंचा तान दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करने लगा। चिकित्सक और उसके सहयोगी ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई और कोतवाली पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। हमीरपुर जनपद निवासी उजेंद्र सिंह पुत्र तेजप्रताप पशु पालन विभाग से संचालित सचल पशु चिकित्सालय एंबुलेंस में चिकित्सक के पद में तैनात है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह सोमवार को ड्यूटी के दौरान कालिंजर क्षेत्र के पुरैनिया गांव के मजरा लालपुर में धीरज पटेल के यहां पशुओं का इलाज करने के लिए सचल एंबुलेंस के साथ गए थे। इसी दौरान वहां गांव का ही जफर नामक दबंग आ धमका और अकारण ही तमंचा निकाल कर चिकित्सक और सहयोगी स्टाफ कर्मी विजय कुमार को जान से मारने की धमकी दे गाली गलौच देने लगा। दहशत में आए चिकित्सक और सहयोगी दोनों किसी तरह मौके पर से अपनी जान बचाकर भाग निकले। पीड़ित पशु चिकित्सक ने कोतवाली पुलिस से आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। चिकित्सक ने पूरे मामले की वीडियो रिकार्डिंग भी दिखाई। कोतवाली निरीक्षक सुरेश सैनी ने आरोपी युवक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। हालांकि मामले की एफआईआर अभी तक दर्ज नहीं की गई है।

### बसपा के प्रतिनिधिमंडल ने दिया मदद का आश्वासन

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बीते दिवस कस्बे के एक युवक की बेंगलुरु में हत्या किए जाने का आरोप लगाकर बांदा मार्ग में मृतक के परिजनों ने जाम लगाकर कार्रवाई मांग की थी। बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने मृतक दलित युवक आनन्द किशोर के घर जाकर परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मृतक परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर प्रशासनिक एवं सामाजिक स्तर से मदद का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में बसपा जिलाध्यक्ष राघवेंद्र अहिरवार, पुष्पेन्द्र श्रीवास, गोपाल पाल, डा.जितेन्द्र सागर, सीताराम वर्मा, जयप्रकाश, राजकुमार सहित सन्तोष वर्मा, अरुण वर्मा, सागर सम्राट, प्रेम प्रकाश, माहेश्वरी दीन, भगवानदीन, मनोज, दुर्गा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### 2016 बैच के आईएएस नागेंद्र प्रताप सिंह बने जिलाधिकारी बांदा


डीएम नागेंद्र प्रताप सिंह।

**बांदा।** चौदह माह 25 दिन की पारी खेल डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल आउट हो गई। मंगलवार की देर शाम शासन ने उनको लखीमपुर खीरी में नई तैनाती दी है। वहीं उनके स्थान पर नागेंद्र प्रताप सिंह जनपद के नए जिलाधिकारी बनाए गए हैं। लेडी सिंघम के नाम से मशहूर तेज तर्रार आईएएस दुर्गाशक्ति नागपाल को पिछले वर्ष 31 मार्च को पहले जनपद की जिम्मेदारी देते हुए जिलाधिकारी के तौर पर तैनात किया गया था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराए। बिना दबाव कार्य करने वालीं अधिकारी के रूप में उनकी छवि जनपद के लोगों के बीच बनी रही। डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल का मंगलवार की देर शाम शासन द्वारा लखीमपुर खीरी जनपद के लिए तबादला किया गया। अब उनके स्थान पर नागेंद्र प्रताप सिंह जनपद के नए जिलाधिकारी होंगे। नागेंद्र प्रताप सिंह मूलरूप से इटावा जनपद के रहने वाले है। 1995 बैच में सेलेक्शन होने के बाद 2016 में वह आईएएस के लिए प्रमोट किए गए। वर्तमान में वह विशेष सचिव आयुष के पद पर तैनात है। जिन्हें अब जनपद की बागडोर सौंपी गई है।


छात्र रुद्र प्रताप को सम्मानित करते विद्यालय के शिक्षक। अमृत विचार

### श्रेष्ठता परीक्षा में छात्र ने पाई 1665वीं रैंक

**कुरारा (हमीरपुर)।** भारत सरकार द्वारा आयोजित श्रेष्ठता परीक्षा में कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र रुद्र प्रताप ने 1665 वीं रैंक पाकर परिषदीय विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र के चयन होने पर गुरुजनों सम्मानित किया। कस्बे के बीआरसी केंद्र में मंगलवार को विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र को सम्मानित किया। विद्यालय के शिक्षक अखिलेश शुक्ला, जलीस खान, अभिभावक प्रतिनिधि बृजेश श्रीवास्तव व समर्थ फाउंडेशन के देवेंद्र गांधी ने छात्र को सम्मानित किया। रुद्र प्रताप को कक्षा 9 से 12 तक शिक्षा लखनऊ में आवासीय सुविधाओं सहित निशुल्क मिलेगी। शिक्षक अखिलेश शुक्ला ने कहा कि कक्षा 8 में पढ़ रहे छात्र रुद्र प्रताप का चयन होने से अब उसे लखनऊ स्थित श्रेष्ठ संस्था में कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई निशुल्क मिलेगी। उसको रहना, खाना पढ़ाई आदि की व्यवस्था रहेगी।

# बेगुनाह मुसलमानों की मॉबलिंचिंग और हत्याओं को रोकने की मांग

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आज कलेक्ट्रेट पहुंच राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा और बेगुनाह मुसलमानों की लगातार देश भर में माबलिंचिंग और हत्याओं को रोकने की मांग ज्ञापन के माध्यम से उठाई। इस मौके पर नाथूराम बौद्ध जिलाध्यक्ष एवं संयोजक, आरबी कुशवाहा, एलआर अटल, जिला प्रवक्ता बहुजन मुक्ति मोर्चा रायबाबू चौधरी, जिलाध्यक्ष मुस्लिम महिला बकरीन मंसूरी, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति महिला प्रकोष्ठ रीता नागर, जिलाध्यक्ष बीएमपी एवं पूर्व प्रधान बडेरा गोविंद सिंह पाल आदि लोग मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार में लगातार देशभर में मुसलमानों पर अन्यान्य व अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके अलावा ज्ञापन में अन्य कई मांगों को भी शामिल किया गया है।

# उर्वरक दुकानों से 100 नमूने भरे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** किसानों को गुणवत्ता युक्त उर्वरक उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से सोमवार को कृषि विभाग टीम ने उर्वरक दुकानों में छापेमारी कर नौ नमूने जुटाए हैं। एक दुकान में अभिलेखों का सही ढंग से रखरखाव न होने से दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी की है। इससे उर्वरक विक्रेताओं में हड़कंप है।

शासन के निर्देश पर सोमवार को कृषि विभाग की गठित टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में उर्वरक विक्रेताओं के यहां औचक छापेमारी की। सरीला क्षेत्र में उपकृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव व तहसीलदार ने छह उर्वरक दुकानों में छापेमारी की। जहां से उन्होंने तीन नमूने एकत्र किए। वहीं एक दुकान में अभिलेखों का सही ढंग से रखरखाव न होने से विक्रेता को स्पष्टीकरण नोटिस जारी की है। वहीं मौदहा क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी डॉ. हरिशंकर व तहसीलदार ने 11 दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जहां से तीन नमूने जुटाए। वहीं दो विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी की हैं। राठ क्षेत्र में भूमि संरक्षण अधिकारी रामअवतार व तहसीलदार ने चार दुकानों में छापेमारी की। एक नमूना एकत्र किया।

इसी प्रकार सदर तहसील में जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ. इन्द्रेश कुमार गौतम व तहसीलदार अभिनव चंद्रा ने सात उर्वरक दुकानों का निरीक्षण किया। दो नमूने गृहीत किए। उप कृषि अधिकारी ने बताया कि इस दौरान सभी उर्वरक विक्रेताओं को कैश मेमो देने के साथ स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर व रेट बोर्ड को अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**जताई नाराजगी** | डीपीआरओ जितेंद्र कुमार मिश्रा ने समय रहते कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश

# स्वच्छ भारत मिशन की खराब हालत पर लगाई फटकार

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


स्वच्छ भारत मिशन की बैठक लेते डीपीआरओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला पंचायत राज अधिकारी ने विकास खंड कार्यालय में राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन सहित शासन की अन्य योजनाओं की समीक्षा के दौरान खराब प्रगति पाए जाने पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के कड़े निर्देश दिए।

जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने विकास खंड कार्यालय पहुंचकर ग्राम पंचायतों में राज्य वित्त एवं स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा की। खराब प्रगति पाए जाने पर उन्होंने ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। केंद्रीय वित्त योजना के तहत देवगांव, बड़ागांव, अतरैया, कलौलीतीर, खड़ेहीजार में अधिक धनराशि शेष होने पर सचिव ओमप्रकाश, अनामिका पांडेय, अमित शर्मा, रामसेवक को कड़ी फटकार लगाई और 28 जून तक भुगतान करने के निर्देश दिए गए। राज्य वित्त की खराब प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। स्वच्छ भारत मिशन के तहत भौरा, सुरौली बुजुर्ग, कुंडौरा, पारा ओझी में अधिक धनराशि शेष पर तीन दिवस में भुगतान के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत पंधरी, पचखुरा बुजुर्ग, बांकी, देवगांव, पत्योरा, छानी बुजुर्ग, पारा रैपुरा, कलौलीजार, अतरैया, छानी खुर्द में स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति कमजोर होने पर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा केयर टेकरों के भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक की 36 ग्राम पंचायतों में बन रहे कूड़ा निस्तारण केंद्रों (आरआरसी) सेंटरों के निर्माण में तेजी लाने की निर्देश दिए। साथ ही रास्तों की साफ सफाई, नाली सफाई आदि के कार्यो के फोटो प्रतिदिन अपलोड करने की निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर बालेश्वर द्विवेदी, मोहिनी तिवारी, मनीष कौशिक को चेतावनी दी। बैठक में रामसेवक, अनामिका पांडेय, सोनाली सचान, अमित शर्मा, अमित तिवारी, रामबाबू गुप्ता, मनोज गुप्ता, साधना सिंह, ओपी प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### खुद को जीवित बताने आयुक्त के पास पहुंची महिला

**सुमेरपुर।** चित्रकूट धाम मंडल आयुक्त कार्यालय में इंगोहटा की एक महिला अपने पति के साथ न्याय की गुहार लगाने पहुंची और राजस्व कर्मचारियों की दास्तान सुनाई। गौरी मिश्रा ने बताया कि वह सुमेरपुर ब्लाक के इंगोहटा गांव की रहने वाली है। कुछ ही महीनों पहले उसके पिता दिनेश मिश्रा का स्वर्गवास हो गया था। जिसके बाद पिता के जायदाद का वरासतनामा बना। जिसमें उसका भी नाम था और करीब सात बीघे जमीन उसके नाम आई। लेकिन उसकी मां, भाई और चाचा ने राजस्व कर्मचारियों और अधिकारियों से सांठगांठ कर उसे मृत दिखाकर जमीन अपने नाम करा ली। कागजों में भी उसे मृत घोषित कर दिया।

